Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 79 | शनिवार, 22 मार्च -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## अमित शाह ने कांग्रेस को लगाई लताड़, राज्यसभा में एक-एक कर गिनाए कश्मीर के बदलाव

# आतंकियों को कब्र में दफनाया : शाह



**नई दिल्ली** । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राज्यसभा में जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के मुद्दे पर पूर्ववर्ती केंद्र सरकारों को आड़े हाथों लिया। अपने जोरदार भाषण में उन्होंने न केवल आतंकवाद के खिलाफ नरेंद्र मोदी सरकार की मजबूत नीतियों का बखान किया, बल्कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के ह्लतुष्टीकरणह्व और ह्ललचर रवैयेह्व पर भी तीखा हमला बोला। शाह ने साफ कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने आतंकवाद के खिलाफ ह्लजीरो टॉलरेंसह्व की नीति अपनाई है, जिसने जम्मू-कश्मीर को शांति और समृद्धि की नई राह पर ला खड़ा किया है।

**पहले आतंकियों का महिमामंडन, अब कब्र में दफन :** अमित शाह ने अपने संबोधन में पिछले दशक की स्थिति को याद करते हुए कहा, 10 साल पहले जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों का महिमामंडन होता था। उनके जनाजों के जुलूस निकलते थे, लोग सड़कों पर इकट्ठा होते थे। लेकिन आज हमारी सरकार में ऐसा कुछ नहीं होता। हमारे समय में भी आतंकी मारे गए, और पहले से कहीं ज्यादा मारे गए, लेकिन अब कोई जुलूस नहीं निकलता। आतंकवादी जहां मारा जाता है, वहीं दफना दिया जाता है ह्व उन्होंने जोर देकर कहा कि यह बदलाव केवल नीति का परिणाम नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा और एकता के प्रति अटल संकल्प का प्रतीक है।

**पहले बम धमाके, अब शांति और विकास :** गृह मंत्री ने यूपीए सरकार के कार्यकाल को ह्लआतंकवाद के सामने कमजोरह्व बताते हुए कहा, ह्लपहले कश्मीर में हर त्योहार पर चिंता का माहौल रहता था। पड़ोसी देश से आतंकी घुस आते थे, बम धमाके होते थे। लेकिन तब की सरकार बोलने से डरती थी, वोट बैंक की चिंता थी। इसके उलट, उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। 2014 में पीएम मोदी के आने के बाद आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति शुरू हुई। आज जम्मू-कश्मीर में त्योहार शांति से मनते हैं। 33 साल तक बंद रहे सिनेमाघर फिर से खुल गए। ताजिया जुलूसों को अनुमति मिली। जी-20 सम्मेलन में दुनिया भर के राजदूतों ने कश्मीर की खूबसूरती, खानपान और संस्कृति का लुत्फ उठाया।

### आतंकवाद पर करारा प्रहार

शाह ने आतंकवाद के खिलाफ केंद्र की सख्त नीति का जिक्र करते हुए कहा, ह्लदुनिया में सिर्फ इजरायल और अमेरिका ही अपनी सीमा और सेना के लिए हमेशा तैयार रहते थे। पीएम मोदी ने भारत को इस सूची में शामिल कर दिखाया। उरी और पुलवामा हमलों का जवाब हमने 10 दिनों के भीतर सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमलों से दिया ह्व उन्होंने आंकड़े पेश करते हुए बताया कि मोदी सरकार के दौरान जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाओं से होने वाली मौतों में 70% की कमी आई है। आतंकी घटनाएं भी तेजी से घट रही हैं।

### कांग्रेस पर बोला हमला

शाह ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा, ह्लआपके शासन में जम्मू-कश्मीर की जनता दहशत में जीती थी। आतंकवाद को रोकने की इच्छाशक्ति नहीं थी। लेकिन हमने न केवल आतंकवाद को कुचला, बल्कि कश्मीर को विकास की मुख्यधारा में लाने का काम किया ह्व उन्होंने यह भी जोड़ा कि मोदी सरकार का लक्ष्य केवल सुरक्षा नहीं, बल्कि जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए सम्मानजनक और समृद्ध जीवन सुनिश्चित करना है।

### विकास की नई राह

आतंकवाद के खात्मे के साथ-साथ विकास पर जोर देते हुए शाह ने कहा, ह्लजम्मू-कश्मीर में आकर्षक औद्योगिक नीति के कारण 12,000 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। 1.1 लाख करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर हुए। यह क्षेत्र अब हिंसा से नहीं, बल्कि समृद्धि से पहचाना जा रहा है ह्व उन्होंने पूर्वोत्तर में उग्रवाद और वामपंथी उग्रवाद पर भी बात की। ह्लये तीनों नासूर देश के लिए अभिशाप थे।



## अयोध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ सिर्फ आस्था नहीं आजीविका का भी बन रही आधार : सीएम योगी

**अयोध्या।** अयोध्या दौरे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीतल पेय बॉटलिंग प्लांट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और दुनिया से आने वाले श्रद्धालु अयोध्या को देखने के लिए उत्सुक हैं। आज भी यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। यह केवल आस्था नहीं है, यह आस्था आजीविका का भी आधार बन रही है। यह विरासत विकास का आधार बन रही है। यह संस्कृति का संवर्धन हमारी समृद्धि का आधार बन रहा है। महाकुम्भ प्रयागराज ने आपके सामने उसकी एक झलक दिखाई है और इस सामर्थ्य को हमें और अधिक सुविधाओं से युक्त करके नए-नए रोजगार के सृजन की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। मुख्यमंत्री ने मशीनों की आरती उतारकर बटन दबाकर उन्हें स्टार्ट किया। प्लांट के संचालकों की ओर से मुख्यमंत्री को बॉटलिंग प्लांट की कार्यक्षमता, उसकी प्रक्रिया और अन्य जरूरी जानकारियां उपलब्ध कराई गईं। यही नहीं, मुख्यमंत्री ने प्लांट के प्रागण में पौधरोपण भी किया और वहां स्थित मंदिर में पूजा अर्चना भी की। मुख्यमंत्री ने अयोध्या में अमृत बॉटलर्स प्रा. लि. को बॉटलिंग प्लांट के लिए किए गए निवेश पर बधाई देते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण बात है कि 1983 में एक बहुत छोटे से कोल्ड स्टोरेज से जो शुरूआत हुई थी आज वह एक अत्याधुनिक प्लांट के रूप में उत्तर भारत को शीतल पेय उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है। विकास की यात्रा इसी प्रकार से आगे बढ़ती है।

## राहत: 18 घंटे बाद लंदन का हीथ्रो एयरपोर्ट हुआ चालू



**लंदन।** बिजली सबस्टेशन में आग लगने के कारण लंदन के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे पर बिजली चली गई थी जिसके बाद विमानों की आवाजाही एक दम बंद हो गई थी। वही, शुक्रवार देर रात लगभग 18 घंटे बाद हीथ्रो हवाई अड्डे पर पहला विमान उतरा। यह यूरोप का सबसे व्यस्त हवाई यात्रा केंद्र है। हीथ्रो द्वारा अपना बंद करने का आदेश वापस लेने के बाद ब्रिटिश एयरवेज का जेट सूर्यास्त से ठीक पहले उतरा, जिससे सैकड़ों हजारों यात्रियों की वैश्विक यात्रा बाधित हुई। फ्लाइट ट्रैकिंग सेवा फ्लाइटरडार 24 ने कहा कि हीथ्रो से आने-जाने वाली कम से कम 1,350 उड़ानें प्रभावित हुईं, और इसका असर कई दिनों तक रहने की संभावना है। यात्री अपनी यात्रा को पुनर्निर्धारित करने का प्रयास कर रहे हैं और एयरलाइंस विमान और चालक दल को फिर से तैनात करने का काम कर रही हैं। आयोवा (अमेरिका) से आए 21 वर्षीय बीयू महर ने कहा, शुरू में सब कुछ रोमांचकारी लगा लेकिन कुछ ही घंटों में यह बेहद कष्टदायी हो गया। ऐसे ही अन्य देशों में ठहराए गए यात्रियों को अब उनके गंतव्य तक पहुंचाना और उनके लिए आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करना मुश्किल हो रहा है। हीथ्रो और आसपास के शहरों के होटलों का एक दिन का किराया पांच गुना तक बढ़ गया है। हीथ्रो प्रबंधन ने यात्रियों से कहा गया है कि वे हवाई अड्डे पर न आएं और यात्रा कार्यक्रम के बारे संबंधित एयरलाइन कंपनी के संपर्क में रहें।

### पानीपत में जजपा नेता की गोली मारकर हत्या

**पानीपत।** पानीपत में शुक्रवार रात को जननायक जनता पार्टी के नेता रविंद्र मिन्ना के माथे में गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावर ने जजपा नेता रविंद्र मिन्ना के साथ उनके चचेरे भाई और एक अन्य व्यक्ति पर भी फायरिंग की। इस कारण वे दोनों घायल हैं, जबकि जजपा नेता रविंद्र मिन्ना की मौत हो गई है। रविंद्र मूल रूप से गांव जागसी के रहने वाले थे। वह पानीपत शहर के विकास नगर में रह रहे थे। बताया जा रहा है कि गांव जागसी के रहने वाले आरोपी रणबीर ने वारदात को अजांम दिया है और घटना के बाद से ही वह फरार है। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है। वारदात से करीब 2 घंटे पहले रविंद्र ने सोशल मीडिया (फेसबुक) पर एक स्टोरी डाली थी, जिसमें वह अपने 7-8 दोस्तों के साथ दिख रहे हैं। रविंद्र मिन्ना को जजपा ने पानीपत शहर से विधानसभा का टिकट दिया गया था।

## दिल्ली हाईकोर्ट जज के घर मिला नकदी का खजाना , राज्यसभा में गूंजा मुद्दा



**नई दिल्ली** । दिल्ली हाई कोर्ट के एक न्यायाधीश के आवास से कथित रूप से नकदी बरामद होने का मुद्दा आज राज्यसभा में गूंजा। सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन को आश्वस्त किया कि इस मामले को सुलझाने के लिए एक संरचित चर्चा तंत्र की तलाश की जाएगी। कांग्रेस के जयराम रमेश ने आज सुबह सदन की बैठक शुरू होते ही इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि आज सुबह ही मैंने दिल्ली हाई कोर्ट के एक न्यायाधीश के आवास पर भारी मात्रा में नकदी मिलने के बारे में समाचार पत्र में पढ़ा है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इससे पहले 50 सांसदों ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक न्यायाधीश द्वारा की गई कुछ टिप्पणियों के सम्बन्ध में एक नोटिस भी सौंपा था। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि सभापति खुद कई बार न्यायिक जवाबदेही की आवश्यकता की बातें कह चुके हैं और उन्होंने इस मुद्दे पर नेता सदन को निर्देश भी दिया था। जयराम रमेश ने सभापति से अनुरोध किया कि वो न्यायिक जवाबदेही बढ़ाने के लिए सरकार को प्रस्ताव लाने का निर्देश दें।

इस पर सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि यह थोड़ी हैरानी वाली बात है कि नकदी मिलने वाली घटना हुई लेकिन यह तुरंत प्रकाश में नहीं आई। अगर इसी तरह की घटना किसी नौकरशाह, उद्योगपति या राजनेता के साथ हुई होती तो वह तुरंत लक्षित हो जाता। उन्होंने कहा कि इस समय नेता सदन यहां मौजूद नहीं हैं। हम नेता सदन और नेता विपक्ष तथा लब्ध प्रतिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा कर संरचनात्मक नतीजे की ओर बढ़ेंगे। मुझे यकीन है कि पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी प्रणालीगत प्रतिक्रिया जल्द ही सामने आएगी। महाभियोग वाले मामले पर सभापति ने कहा कि उन्हें राज्यसभा के 55 सदस्यों का हस्ताक्षरयुक्त एक ज्ञापन प्राप्त हुआ है। उस पर हस्ताक्षर करने वालों से सत्यापन करवाने के लिए उचित कदम उठाए गए हैं। कई सदस्यों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है, लेकिन कइयों ने उनके हस्ताक्षर होने से इनकार किया है। सदस्यों को दूसरी बार ईमेल भेजे गए हैं, इसलिए वो जल्द अपने जवाब भेज दें। उन्होंने कहा कि सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद हस्ताक्षर करने वाले सदस्यों की संख्या 50 से अधिक होगी तो तो मेरे स्तर पर इस प्रक्रिया में एक क्षण का विलंब नहीं होगा।

## कर्नाटक विधानसभा से छह माह के लिए 18 भाजपा विधायक निलंबित



**कर्नाटक।** कर्नाटक विधानसभा ने विधानसभा की कार्यवाही में बाधा डालने के लिए 18 भाजपा विधायकों को छह महीने के लिए निलंबित करने संबंधी विधेयक पारित कर दिया। विधेयक को कर्नाटक के कानून और संसदीय मामलों के मंत्री एचके पाटिल ने पेश किया। कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर ने शुक्रवार को 'हनी-ट्रैप' मामलों के मुद्दे पर हंगामा करने और सदन की कार्यवाही में बाधा डालने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 18 विधायकों को विधानसभा से निलंबित कर दिया।

विपक्षी भाजपा और जद (एस) ने एक मंत्री और अन्य राजनेताओं से जुड़े कथित 'हनी-ट्रैप' प्रयास की न्यायिक जांच एक मौजूदा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से कराने की मांग की। भाजपा विधायकों ने सदन के वेल में घुसकर और अध्यक्ष की कुर्सी के सामने कागज फाड़कर और फेंककर व्यवधान पैदा किया। यह कार्रवाई सदस्यों द्वारा दिन की शुरूआत में विधानसभा की कार्यवाही में कथित बाधा डालने के जवाब में की गई थी, जब उन्होंने अध्यक्ष के आदेशों की अवहेलना की और खुद को अनुशासनहीन और अपमानजनक तरीके से संचालित किया। निलंबित विधायकों में विपक्ष के मुख्य सचेतक डोड्डानगौड़ा एच पाटिल, अश्वथ नारायण सीएन, एसआर विश्वनाथ, बीए बसवराज, श्री एमआर पाटिल, चन्नबसप्पा (चन्नी), बी सुरेश गौड़ा, उमानाथ ए कोट्यान, शरणु सालगर, शैलेन्द्र बेलडेल, सीके राममूर्ति, यशपाल ए सुवर्णा, बीपी हरीश, भरत शेट्टी वाई, मुनिरत्ना, बसवराज मैटिमूड, धीरज मुनिराजू और चंद्रू लमानी शामिल हैं। निलंबन आदेश के अनुसार, इन सदस्यों को विधानसभा हॉल, लॉबी और गैलरी में प्रवेश करने से रोक दिया जाएगा।

### आज से और तीखे होंगे गर्मी के तेवर, दिल्ली-यूपी में चढ़ेगा तापमान

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में अब धीरे-धीरे गर्मी जोर पकड़ रही है। शनिवार से यूपी से लेकर राजधानी दिल्ली में गर्मी के तेवर और तीखे होंगे। हालांकि आसमान साफ रहने और तेज धूप खिलने से तापमान में भी लगातार इजाफा होगा। अगले छह दिनों के दौरान मौसम के इस तल्ख मिजाज में बदलाव के कोई आसार नजर नहीं आ रहे। आईएमडी ने अगले दो दिन तक जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बर्फबारी के साथ बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है।

## 'सांसदों-विधायकों के कॉल व मैसेज का तुरंत जवाब दें अधिकारी'



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने अधिकारियों को सांसदों और विधायकों के पत्रों, फोन कॉल और संदेश का तुरंत जवाब देने का शुक्रवार को निर्देश दिया। ऐसा न करने पर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की चेतावनी दी। दिल्ली सरकार ने यह निर्देश ऐसे समय में दिया है, जब विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने एक दिन पहले कुछ अधिकारियों के गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार का मुद्दा उठाया था। गुप्ता ने मुख्य सचिव धर्मेंद्र को लिखे पत्र में कहा था कि उन्हें बताया गया है कि कुछ अधिकारी विधायकों से पत्र, फोन कॉल और संदेश के रूप में प्राप्त संचार को स्वीकार भी नहीं करते हैं।

दिल्ली सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) द्वारा जारी एक परिपत्र में कहा गया, मुख्य सचिव ने मामले को गंभीरता से लिया है। इसमें कहा गया है कि सरकार ने विधायकों और सांसदों के साथ व्यवहार करते समय अपनाए जाने वाले प्रोटोकॉल के संबंध में व्यापक निर्देश जारी किए हैं। अतिरिक्त मुख्य सचिव (जीएडी) नवीन कुमार चौधरी द्वारा जारी परिपत्र में कहा गया है कि निर्देशों का अक्षरशः सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। इसमें कहा गया है कि ऐसा कोई मौका नहीं दिया जाना चाहिए, जब विधायकों या सांसदों को ऐसी शिकायतें करने के लिए बाध्य होना पड़े। इन निर्देशों का पालन न करने पर उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। संबंधित अधिकारी के मूल्यांकन में यह एक महत्वपूर्ण हिस्सा होगा।

## भ्रामक विज्ञापनों के लिए शाहरूख के खान खिलाफ दायर याचिका स्वीकार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले की एक अदालत ने बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान, कुछ कंपनियों व ओटीटी मंचों के खिलाफ कथित भ्रामक विज्ञापनों के लिए दायर याचिका स्वीकार कर ली। कोर्ट ने याचिका को 11 मार्च को स्वीकार किया था। याचिकाकर्ता मोहम्मद फैजान खान के अधिवक्ता विराट वर्मा ने बताया कि शाहरुख खान एक हस्ती हैं। वे भ्रामक विज्ञापनों के जरिए ह्यफेयरनेस क्रीमह्ल और पान-मसाला से संबंधित उत्पादों का विज्ञापन कर रहे हैं। शाहरुख खान उत्पाद का विज्ञापन करते हैं, जिससे पान मसाला की बिक्री में वृद्धि होती है। उस पान मसाले में मौजूद तंबाकू के सेवन से कैंसर होता है। याचिका में आरोप लगाया गया कि शाहरुख रम्मी खेल का भी विज्ञापन करते हैं, जिसके बारे में दावा किया जाता है कि यह कौशल का खेल है लेकिन हमारे देश में कई लोग जुए में अपनी मेहनत की कमाई हार जाते है। हमने शाहरुख खान, इन उत्पादों को बनाने वाली कंपनियों और इन विज्ञापनों को प्रसारित करने वाले ओटीटी प्लेटफॉर्म के खिलाफ एक दीवानी मुकदमा दायर किया है, जिसमें ऐसे विज्ञापनों के प्रसारण पर रोक लगाने की मांग की गई है।

अदालत ने 11 मार्च को याचिका स्वीकार कर ली और मामले की अगली सुनवाई 29 मार्च को तय की गई है। अभिनेता खान, गूगल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, अमेजन इंडिया (अमेजन प्राइम वीडियो), नेटफ्लिक्स इंडिया, इमामी लिमिटेड (फेयर एंड हैंडसम), मेसर्स आईटीसी लिमिटेड (विमल पान मसाला एंड टोबैको प्रोडक्ट्स) और मेसर्स हेड डिजिटल वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड को मामले में प्रतिवादी बनाया गया है। याचिकाकर्ता मोहम्मद फैजान खान को पिछले वर्ष नवंबर में मुंबई पुलिस ने शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी देने और 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया था। फैजान फिलहाल इस मामले में जमानत पर बाहर हैं। उस समय मुंबई पुलिस ने रायपुर पुलिस को बताया था कि फैजान के नाम से पंजीकृत फोन से अभिनेता को धमकी और रंगदारी मांगी गई थी। फैजान ने पूछताछ के दौरान जांचकर्ताओं को बताया कि उनका मोबाइल फोन खो गया और इस संबंध में उन्होंने पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी।

## संपादक की कलम से

# स्वागत सुनीता

आखिरकार नासा की बहुचर्चित अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स अपने सहयोगी बुच विलमोर के साथ सकुशल पृथ्वी पर आ ही गईं। अमेरिका ही नहीं भारत में करोड़ों लोग उनकी फिक्र कर रहे थे। दरअसल, आठ दिन के मिशन के लिये बीते साल 6 जून को स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट के जरिये वे अमेरिका के स्पेस स्टेशन पहुंचे थे, लेकिन स्पेसक्राफ्ट में तकनीकी खामी आने के कारण उनकी वापसी नौ महीने तक टलती रही। जिसको लेकर भारत व अमेरिका समेत पूरी दुनिया में चिंता व्यक्त की जाती रही है। देर आए दुरुस्त आए, इस देरी से सुनीता दुनिया में सबसे अधिक समय तक अंतरिक्ष में रहने वाली महिला का रिकॉर्ड बना चुकी हैं। कुल 286 दिन स्पेस में रहने के दौरान सुनीता ने नौ सौ घंटे का शोधकार्य किया और डेढ़ सौ वैज्ञानिक प्रयोग किए। नासा ने विश्वास जताया है कि इस लंबे अनुभव का लाभ अमेरिका के इस दशक के अंत तक मंगल पर मनुष्य को उतारने के अभियान में मिलेगा। आमतौर पर यात्रियों के अंतरिक्ष में रुकने का समय अधिकतम छह माह होता है, लेकिन जब सुनीता को नौ महीने तक रुकना पड़ा है तो चिंता उनके शरीर में पड़ने वाले दुष्प्रभावों को लेकर होती रही है। आशंका है कि अधिक समय तक अंतरिक्ष में रहने से उनके शरीर पर काफी प्रतिकूल असर पड़ा होगा। जिसको सामान्य होने में काफी समय लग सकता है। दरअसल, अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण के न होने से भारहीनता की स्थिति पैदा होती है, जो शरीर की सामान्य प्रक्रिया पर प्रतिकूल असर डालती है। इस भारहीनता की स्थिति में हड्डियों व मांसपेशियों को कमजोर होने से बचाने के लिये करीब प्रतिदिन चार घंटे का व्यायाम करना पड़ता है। इस दौरान जहां खून का प्रवाह भी बाधित होता है, वहीं भारहीनता में मांसपेशियां व हड्डियां शिथिल हो जाती हैं, साथ ही रेडिएशन का भी खतरा बढ़ जाता है। यहां तक कि आंखों पर भी बुरा असर पड़ता है। जिसके चलते सुनीता व उनके सहयात्री को गहन चिकित्सा देखरेख में रखा जा रहा है। दरअसल, भारत में सुनीता विलियम्स को लेकर जो अनुराग व चिंता दिखी, उसकी वजह उनका भारत व भारतीय संस्कारों से जुड़ा रहना ही है। अपनी पहली अंतरिक्ष यात्रा के दौरान वे अंतरिक्ष में गीता-उपनिषद् व समोसे लेकर गई थीं। वे भारतीय खाने की मुरीद रही हैं। बहरहाल, उन्हें विश्वास था कि वे भविष्य में इतिहास रचेंगी। वर्ष 2012 में दिल्ली के नेशनल साइंस सेंटर में छात्रों से उन्होंने कहा भी था कि रिकॉर्ड टूटने के लिये ही बनते हैं। संयोग देखिए कि अपनी तीसरी अंतरिक्ष यात्रा में वे सबसे लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहने वाली पहली महिला बन गई हैं। भले ही सुनीता का जन्म अमेरिका के ओहायो प्रांत में हुआ हो लेकिन वे गुजरात के मेहसाणा स्थित पैतृक गांव झूलासन का दो बार दौरा कर चुकी हैं। अहमदाबाद से डॉक्टरी की पढ़ाई करके अमेरिका बसने वाले पिता दीपक पंडया उनकी प्रेरणा रहे हैं। उनकी मां के कैथोलिक धर्म अनुयायी होने के बावजूद पिता ने उन्हें भगवद्गीता आदि पौराणिक ग्रंथों से परिचित कराया। उन्हें सभी धर्मों का सम्मान करना सिखाया। एक समय पशुओं से लगाव के कारण पशु चिकित्सक बनने का सपना देखने वाली सुनीता कालांतर अमेरिकी नौसेना में शामिल हुईं। बचपन से तैराकी का शौक रखने वाली सुनीता ने कई तैराकी प्रतियोगिताएं जीती। नौसेना पायलट के दौरान उन्होंने ढाई हजार घंटे तक की उड़ान भरी और अंतरिक्ष में जाने को लक्ष्य बनाया। ह्यूस्टन स्थित जॉनसन स्पेस सेंटर ने उन्हें अंतरिक्ष में जाने का सपना दिखाया। हालांकि, नासा ने उनके पहले आवेदन को खारिज कर दिया था। उन्होंने अंतरिक्ष यात्रा के सपने को पूरा करने के लिए नासा में आवेदन किया, लेकिन नासा ने पहली बार में इसे स्वीकार नहीं किया। फिर उन्होंने अंतरिक्ष में जाने के लिए ही 1995 में इंजीनियरिंग प्रबंधन में मास्टर डिग्री हासिल की।



ललित शर्मा
संपादक

## विश्व जल दिवस, 22 मार्च 2025 पर विशेष

# ग्लेशियर संरक्षण जल संकट का प्रभावी समाधान



ललित गर्ग

दुनिया के सामने स्वच्छ जल की समस्या गंभीर से गंभीरतर होती जा रही है। जल प्रदूषण एवं पीने के स्वच्छ जल की निरन्तर घटती मात्रा को लेकर बड़े खतरे खड़े हैं। धरती पर जीवन के लिये जल सबसे जरूरी वस्तु है, जल है तो जीवन है। जल ही किसी भी प्रकार के जीवन और उसके अस्तित्व को संभव बनाता है। जल के महत्व एवं उसकी बढ़ती समस्याओं के समाधान की दिशाएं उद्घाटित करने के लिये ही प्रतिवर्ष विश्व जल दिवस 22 मार्च को मनाया जाता है। यह कोरा एक वार्षिक उत्सवभर नहीं है, बल्कि आन्दोलन है, जिसका उद्देश्य मीठे पानी के महत्व को उजागर करना और जल संसाधनों के सतत प्रबंधन का समर्थन करना है। 1993 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा स्थापित यह दिवस वैश्विक जल चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाता है, जिसमें स्वच्छ पेयजल तक पहुँच, स्वच्छता और पानी की कमी शामिल है। इस वर्ष की जल दिवस की थीम है ह्लग्लेशियर संरक्षणह्व, जो जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभावों से दुनिया के जमे हुए जल संसाधनों की रक्षा करने की आवश्यकता पर जोर देती है। ग्लेशियरों का पिघलना तेज हो रहा है, जिससे जल चक्र बाधित हो रहा है और अरबों लोगों के लिए जीवन के अस्तित्व से जुड़े जल की सुरक्षा को खतरा है।

विश्व जल दिवस संयुक्त राष्ट्र की एक पहल है जिसका उद्देश्य मीठे पानी के महत्व को उजागर करना और जल संसाधनों के सतत प्रबंधन का समर्थन करना है। 1993 में स्थापित, यह वैश्विक जल मुद्दों को संबोधित करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता की याद दिलाता है, खासकर जब दुनिया भर में 2.2 बिलियन लोगों के पास सुरक्षित रूप से प्रबंधित पेयजल तक पहुंच नहीं है। आज जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियर पहले से कहीं अधिक तेजी से पिघल रहे हैं। अरबों लोगों के लिए पिघले पानी का प्रवाह बदल रहा है, जिससे बाढ़, सूखा, भूस्खलन और समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है। अनगिनत समुदाय और पारिस्थितिकी तंत्र विनाश के खतरे में हैं। कार्बन उत्सर्जन में वैश्विक कटौती तथा सिकुड़ते ग्लेशियरों के अनुकूलन के लिए स्थानीय रणनीतियां आवश्यक हैं। इस वर्ष के विश्व जल दिवस अभियान का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन और वैश्विक जल संकट से निपटने के लिए कार्ययोजना के केंद्र में ग्लेशियर संरक्षण को रखने के लिए मिलकर काम करना है।

दुनिया की आबादी आठ अरब से अधिक हो चुकी है। इसमें से लगभग आधे लोगों को साल में कम से कम एक महीने पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ता है। जलवायु परिवर्तन के कारण 2000 से बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत वृद्धि हुई है और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पैकेट और बोतल बन्द पानी आज विकास के प्रतीकचिह्न बनते जा रहे हैं और अपने संसाधनों के प्रति हमारी लापरवाही अपनी मूलभूत आवश्यकता को बाजारवाद के हवाले कर देने की राह आसान कर रही है। विशेषज्ञों ने जल को उन प्रमुख संसाधनों में शामिल किया है, जिन्हें भविष्य में प्रबंधित करना सबसे चुनौतीपूर्ण कार्य होगा। सदियों से निर्मल जल का स्त्रोत बनी रहीं नदियाँ प्रदूषित हो रही हैं, जल संचयन तंत्र बिगड़ रहा है, और भू-जल स्तर लगातार घट रहा है। धरती पर सुरक्षित और पीने के पानी के बहुत कम प्रतिशत के आंकलन के द्वारा जल संरक्षण या जल बचाओ अभियान हम सभी के लिये बहुत जरूरी हो चुका है। औद्योगिक कचरे की वजह से रोजाना पानी के बड़े स्त्रोत प्रदूषित हो रहे हैं। जल को बचाने में अधिक कार्यक्षमता लाने के लिये सभी औद्योगिक बिल्डिंगें, अपार्टमेंट्स, स्कूल, अस्पतालों आदि में बिल्डरों के द्वारा उचित जल प्रबंधन व्यवस्था को बढ़ावा देना चाहिये। पीने के पानी या साधारण पानी की कमी के द्वारा होने वाली संभावित समस्या के बारे में आम लोगों को जानने के लिये जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाना चाहिये। जल जीव मंडल में पारिस्थितिकी संतुलन को बनाये रखता है। पीने, नहाने, ऊर्जा उत्पादन, फसलों की सिंचाई, सीवेज के निपटान, उत्पादन प्रक्रिया आदि बहुत उद्देश्यों को पूरा करने के लिये स्वच्छ जल बहुत जरूरी है।



जल जीवन के लिये सर्वाधिक महत्वपूर्ण है, जिन पाँच तत्वों को जीवन का आधार माना गया है, उनमें से एक तत्व जल है। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। मानव एवं जीव-जन्तुओं के अलावा जल कृषि के सभी रूपों और अधिकांश औद्योगिक उत्पादन प्रक्रियाओं के लिये भी बेहद आवश्यक है। परंतु आज पूरी दुनिया जल-संकट के साए में खड़ी है। अनियोजित औद्योगीकरण, बढ़ता प्रदूषण, घटते रेगिस्तान एवं ग्लेशियर, नदियों के जलस्तर में गिरावट, पर्यावरण विनाश, प्रकृति के शोषण और इनके दुरुपयोग के प्रति असंवेदनशीलता पूरे विश्व को एक बड़े जल संकट की ओर ले जा रही है। आप सोच सकते हैं कि एक मनुष्य अपने जीवन काल में कितने पानी का उपयोग करता है, किंतु क्या वह इतने पानी को बचाने का प्रयास करता है? पानी धरती पर जीवन के अस्तित्व के लिए आधारभूत आवश्यकता है। आबादी में वृद्धि के साथ पानी की खपत बेतहाशा बढ़ी है, लेकिन पृथ्वी पर साफ पानी की मात्रा कम हो रही है। जलवायु परिवर्तन और धरती के बढ़ते तापमान ने इस समस्या को गंभीर संकट बना दिया है। दुनिया के कई हिस्सों की तरह भारत भी जल संकट का सामना कर रहा है। वैश्विक जनसंख्या का 18 प्रतिशत हिस्सा भारत में निवास करता है, लेकिन चार प्रतिशत जल संसाधन ही हमें उपलब्ध है। भारत में जल-संकट की समस्या से निपटने के लिये प्राचीन समय से जो प्रयत्न किये गये हैं, वे दुनिया के लिये मार्गदर्शक हैं। देश में अटल भूजल योजना चल रही है। स्थानीय समुदायों के नेतृत्व में चलने वाला यह दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। साथ ही, नल से जल, नदियों की सफाई, अतिक्रमण हटाने जैसे प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे हैं। हमारे यहां जल बचाने के मुख्य साधन है नदी, ताल एवं कूप। इन्हें अपनाओं, रक्षा करो, अभय दो, इन्हें मरुस्थल के हवाले न करो। अन्तिम समय यही तुम्हारे जीवन और जीवनी को बचायेंगे। ख्यात पर्यावरणविद अनुपम मिश्र तो ह्यअब भी खरे है तालाबह्ल कहते कहते स्वर्गस्थ हो गये। आज आवश्यकता इस बात की है कि विश्व जल दिवस की मूल भावना को अपने दैनिक जीवन में उतारकर हर व्यक्ति, हर दिन जल संरक्षण का यथासंभव प्रयास करे। गाँव के स्तर पर लोगों के द्वारा बरसात के पानी को इकट्ठा करने की शुरूआत करनी चाहिये। उचित रख-रखाव के साथ छोटे या बड़े तालाबों को बनाने के द्वारा बरसात के पानी को बचाया जा सकता है।

धरती के क्षेत्रफल का लगभग 70 प्रतिशत भाग जल से भरा हुआ है। परंतु, पीने योग्य जल मात्र तीन प्रतिशत है। इसमें से भी मात्र एक प्रतिशत मीठे जल का ही वास्तव में हम उपयोग कर पाते हैं। पानी का इस्तेमाल करते हुए हम पानी की बचत के बारे में जरा भी नहीं सोचते, जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश जगहों पर जल संकट की स्थिति पैदा हो चुकी है। जल का संकट एवं विकट स्थितियां अति प्राचीन समय से बनी हुई है। इसी कारण राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश आदि प्रांतों में जल संरक्षण के लिये नाड़ी, तालाब, जोहड़, बन्धा, सागर, समंद एवं सरोवर आदि बनाने की प्राचीन परम्परा रही है। राजा-महाराजाओं तथा सेठ-साहूकारों ने अपने पूर्वजों की स्मृति में अपने नाम को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से इन प्रदेशों के विभिन्न भागों में कलात्मक बावड़ियों, कुओं, तालाबों, झालरों एवं कुंडों का निर्माण करवाया। जहाँ प्रकृति एवं संस्कृति परस्पर एक दूसरे से समायोजित रही हैं।

राजस्थान के किले तो वैसे ही प्रसिद्ध हैं पर इनका जल प्रबन्धन विशेष रूप से अनुकरणीय हैं। जल संचयन की परम्परा वहाँ के सामाजिक ढाँचे से जुड़ी हुई हैं तथा जल के प्रति धार्मिक दृष्टिकोण के कारण ही प्राकृतिक जलस्त्रोतों को पूजा जाता है। जल की कमी दुनिया के लिए एक उभरती हुई वास्तविकता एवं ज्वलंत समस्या है। चूंकि जलवायु परिवर्तन और जल की कमी एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, इसलिए इनमें से किसी एक मुद्दे का मुकाबला करने के तरीके खोजने से दूसरे की बेहतरी में मदद मिलेगी, इसमें ग्लेशियर संरक्षण जल संकट का प्रभावी समाधान हो सकता है।

## मोनिका डागा 'आनंद'



### शीतला अष्टमी

कविता

चैत्र कृष्ण सप्तमी तिथि विविध पकवान बनाएं,
मां शीतला को अष्टमी को फिर बासी भोग धराएं,
ठंडा भोजन अमृत प्रसाद रूप में प्राप्त कर खाएं,
समस्त दु:खों, रोगों व आपदाओं से सुरक्षा पाएं ।

राब, दहीं, सिरा, पूड़ी, बाजरी आदि का भोग धरें,
क्षमा प्रार्थना कर मां का भक्ति पूर्वक गुणगान करें,
मां अपने भक्तों के सदा ही खुशियों से भंडार भरें,
जो श्रद्धा भक्तिभाव से मां शीतला का पूजन करें ।

बीमारियों से हमारे परिवार को हे मां !? दूर रखना,
सुख–संपत्ति ₹आनंद₹ स्नेह सब में भरपूर रखना,
ठंडी–ठंडी सदा रहना, बच्चों पर मां मेहर करना,
अज्ञानी बालक है हम मां अर्जी स्वीकार करना ।

जो जन पूर्ण शरणागत हो जाता मां के चरणों में,
झाड़ देती उसके दुर्गुण, दु:ख, संताप मां पल में,
दयामयी सुखकारी शक्ति पूजी जाती घर–घर में,
भर देती खुशियों से जीवन माता एक ही क्षण में ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# संकट में पाकिस्तान: अंदर-बाहर हर तरफ हाहाकार

संजय सक्सेना

**बलूचिस्तान में यहां के निवासियों के भारी विरोध के बाद भी चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) और अन्य विदेशी निवेश परियोजनाएं चल रही हैं, जबकि अलगाववादी समूह इन परियोजनाओं को अपने संसाधनों के शोषण के रूप में देखते हैं और इन्हें निशाना बनाते हैं। अगस्त 2024 में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने एक घातक हमला किया, जिसमें 50 से अधिक लोग मारे गए। फरवरी 2025 में कलात जिले में एक बड़े संघर्ष में 18 पाकिस्तानी अर्धसैनिक बलों और 23 विद्रोहियों मतलब बीएलए के सदस्यों की मौत हुई थी।**

पड़ोसी देश पाकिस्तान चौतरफा मुसीबतों से घिरता जा रहा है। चीन की दोस्ती उसे डूबों रही है तो भारत और अफगानिस्तान से दुश्मनी उसे भारी पड़ रही है। अमेरिका में भी ट्रम्प सरकार आने के बाद वहां से पाकिस्तान पर मेहरबानियों का सिलसिला थम गया है। पाकिस्तान के अंदरूनी हालात भी कम खराब नहीं है। एक तरफ पाक अधिकृत कश्मीर यानी पीओके, सिंध प्रांत की जनता पाकिस्तान सरकार के खिलाफ जहर उगल रही है, वहीं ब्लूचिस्तान प्रांत की विद्रोही जनता तो पाकिस्तान की अखंडता के लिये ही खतरा बन गया है। यहां के लोग पाकिस्तान से अलग पूर्ण आजादी चाहते हैं। इसके चलते बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और पाकिस्तान सेना के बीच लगातार संघर्ष होता रहता है। हद तो तब हो गई जब 11 मार्च 2025 को बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को ही हाईजैक कर लिया, जिसमें लगभग 440 यात्री सवार थे। इस हमले में बीएलए ने ट्रेन को रोककर यात्रियों को बंधक बना लिया और सुरक्षाबलों पर हमला किया, जिससे 21 यात्रियों और 4 अर्धसैनिक बलों के जवानों की मौत हो गई। पाकिस्तानी सेना ने जवाबी कार्रवाई में 33 आतंकवादियों को मार गिराया और बचे हुए यात्रियों को सुरक्षित छुड़ा लिया।

इस घटना के बाद, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने राष्ट्रीय एकता का आह्वान किया और आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की बैठक बुलाई, जिसमें सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में आतंकवाद के खिलाफ रणनीतिक राजनीतिक संकल्प और बेहतर शासन की आवश्यकता पर बल दिया गया। इसके अतिरिक्त, पाकिस्तानी सेना ने इस हमले के लिए भारत को दोषी ठहराया, हालांकि उन्होंने इसके समर्थन में कोई ठोस सबूत प्रस्तुत नहीं किया। भारत ने इन आरोपों को खारिज किया है।

ट्रेन हाईजैक के बाद, बलूच विद्रोहियों ने बलूचिस्तान के नोशकी इलाके में पाकिस्तानी सेना के काफिले पर एक और बड़ा हमला किया, जिसमें कई सैनिक हताहत हुए। यह घटना बलूच विद्रोहियों की बढ़ती गतिविधियों को दशार्ती है, जो बलूचिस्तान में अधिक स्वायत्तता और संसाधनों पर नियंत्रण की मांग कर रहे हैं।

इन घटनाओं के मद्देनजर, पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने देश को सख्त राष्ट्र बनाने और आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बेहतर शासन और राजनीतिक संकल्प की आवश्यकता पर भी जोर दिया, ताकि आतंकवाद का प्रभावी ढंग से मुकाबला किया जा सके। पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने 18 मार्च, 2025 को अपने एक बयान में पाकिस्तान को एक कठोर राज्य में बदलने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष देश के अस्तित्व के लिए एक लड़ाई है। जनरल मुनीर ने यह टिप्पणी राष्ट्रीय सुरक्षा पर संसदीय समिति की एक उच्चस्तरीय बैठक में की, जो बलूच आतंकवादियों द्वारा एक यात्री ट्रेन का अपहरण करने के कुछ दिनों बाद बुलाई गई थी, जिसके परिणामस्वरूप 25 यात्रियों की मौत हो गई थी।

मुनीर ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष ह्लहमारे और हमारी भावी पीढ़ियों के अस्तित्व की लड़ाई है ह्व उन्होंने बेहतर शासन और पाकिस्तान को एक ह्लकठोर राज्यह्व बनाने का आह्वान किया और पूछा, ह्लहम कब तक एक नरम राज्य की शैली में अनगिनत लोगों की जान कुर्बान करते रहेंगे ?ह्व जनरल मुनीर ने कहा, ह्लस्थायी विकास के लिए, राष्ट्रीय शक्ति के सभी तत्वों को सामंजस्य के साथ काम करना होगा ह्व

बात बलूचिस्तान, के भौगोलिक और राजनैतिक परिदृश्य की कि जाये तो यह पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत, लंबे समय से देश के लिए एक गंभीर सुरक्षा चुनौती बना हुआ है। यहां के अलगाववादी आंदोलन, प्राकृतिक संसाधनों पर नियंत्रण की मांग, और मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप पाकिस्तान की स्थिरता के लिए खतरा बने हुए हैं। दरअसल, 1947 में भारत से अलग मुसलमानों के लिये पाकिस्तान देश बनने के बाद, बलूचिस्तान के कलात राज्य ने पाकिस्तान में विलय से इंकार कर दिया था। हालांकि, 1948 में पाकिस्तानी सेना ने इस पर कब्जा कर लिया, जिससे बलूच राष्ट्रवादियों में असंतोष बढ़ा। तब से, बलूचिस्तान में कई बार विद्रोह हुए हैं, जिनमें 1950, 1960, 1970 और 2000 के दशक शामिल हैं। पिछले कुछ वर्षों में, बलूच अलगाववादी समूहों की गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2015 से 2024 के बीच, इन समूहों द्वारा किए गए हमलों की संख्या चार गुना बढ़कर 171 हो गई है। इन हमलों में लगभग 590 लोग मारे गए हैं, जिनमें पाकिस्तानी सेना के जवान भी शामिल हैं। गौरतलब हो बलूचिस्तान प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है, जिसमें गैस, सोना, और तांबा शामिल हैं। हालांकि, स्थानीय निवासियों का आरोप है कि इन संसाधनों का लाभ उन्हें नहीं मिलता, बल्कि पाकिस्तान के अन्य प्रांतों को मिलता है। यह आर्थिक असंतोष अलगाववादी भावनाओं को बढ़ावा देता है। ब्लूचिस्तान हमेशा से पाकिस्तान सेना की हैवानियत का भी शिकार होता रहा है। बलूच कार्यकताओं और नागरिक समाज के सदस्यों के जबरन गायब होने की घटनाएं बलूचिस्तान में आम हैं। वॉयस फॉर बलूच मिसिंग पर्सन्स (वीबीएमपी) के अनुसार, बलूचिस्तान से 7,000 से ज्यादा लोग लापता हैं। हालांकि, सरकारी आंकड़े इससे कम हैं, लेकिन यह मुद्दा स्थानीय निवासियों में गहरा असंतोष पैदा करता है। बलूचिस्तान में यहां के निवासियों के भारी विरोध के बाद भी चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) और अन्य विदेशी निवेश परियोजनाएं चल रही हैं, जबकि अलगाववादी समूह इन परियोजनाओं को अपने संसाधनों के शोषण के रूप में देखते हैं और इन्हें निशाना बनाते हैं। अगस्त 2024 में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने एक घातक हमला किया, जिसमें 50 से अधिक लोग मारे गए। फरवरी 2025 में कलात जिले में एक बड़े संघर्ष में 18 पाकिस्तानी अर्धसैनिक बलों और 23 विद्रोहियों मतलब बीएलए के सदस्यों की मौत हुई थी। बलूचिस्तान में जारी संघर्ष पाकिस्तान के लिए कई मोर्चों पर खतरा पैदा कर रहा है। लगातार हमलों से पाकिस्तान सुरक्षा बलों पर दबाव बढ़ता है और देश की आंतरिक स्थिरता खतरे में पड़ती है। सीपीसीईसी जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर हमलों से विदेशी निवेशकों का विश्वास कम होता है, जिससे आर्थिक विकास प्रभावित होता है। वहीं मानवाधिकार उल्लंघन के आरोपों से पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय छवि धूमिल होती है, जिससे कूटनीतिक संबंध प्रभावित होते हैं।

**अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच खींची तलवारें :** अफगानिस्तान और पाकिस्तान में तनाव की वजह पर नजर दौड़ाई जाये तो दोनों देशों के बीच डुरंड रेखा विवाद का बड़ा कारण है। 1893 में ब्रिटिश शासन द्वारा खींची गई डुरंड रेखा को अफगानिस्तान ने कभी मान्यता नहीं दी है। यह सीमा विवाद दोनों देशों के बीच तनाव का एक ऐतिहासिक स्त्रोत है। उधर, पाकिस्तान का आरोप है कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान अफगानिस्तान की जमीन से संचालित होकर पाकिस्तान में आतंकी हमले कर रहा है। पाकिस्तान ने अफगान तालिबान से टीटीपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है, लेकिन तालिबान ने इसे अस्वीकार कर दिया है। हाल ही में, तोरखम सीमा चौकी पर पाकिस्तानी और अफगान सुरक्षा बलों के बीच झड़पें हुई हैं, जिससे कम से कम एक व्यक्ति की मौत और कई घायल हुए हैं। यह संघर्ष सीमा पर एक नए चौकी के निर्माण को लेकर हुआ, जिससे तनाव और बढ़ गया है। दिसंबर 2024 में, पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत में ठीटीपी के ठिकानों पर हवाई हमले किए, जिसमें कई नागरिकों की मौत हुई। अफगान रक्षा मंत्रालय ने इन हमलों की निंदा की और इसे अंतरराष्ट्रीय सिद्धांतों का उल्लंघन बताया।

**चीन के चंगुल में फंसता पाकिस्तान :** चीनी ने पाकिस्तान को लोन देकर अपने चंगुल में फंसा लिया है। पाकिस्तान ने चीन से सबसे अधिक लोन दिया है। यह लोन लगभग 28.6 बिलियन डॉलर है, जो उसके कुल कर्ज का 22 प्रतिशत है। विश्व बैंक के अनुसार, देश पर कुल मिलाकर लगभग 130 अरब डॉलर का कर्ज है। आज पाकिस्तान की हालत बेहद खस्ता है। यहां तक कि वहां पर आटे-दाल-चावल, सब्जियां और दूध तक आम आदमी की पहुंच से दूर जा चुके हैं। देश में बेरोजगारी चरम पर है। पाकिस्तान ने अपनी नाजुक वित्तीय स्थिति के चलते आईएमएफ से आपातकालीन फंड मांगता रहा है। हालांकि, चीन के लिए पाकिस्तान चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) का घर है। यह चीन के पश्चिमी प्रांतों को बलूचिस्तान के ग्वादर बंदरगाह से जोड़ने वाला लगभग 3,000 किलोमीटर लंबा गलियारा है। कहने का तात्पर्य यह है कि चीन पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान को कर्ज देकर वहां अपना आधिपत्य बनाता जा रहा है।

# एमआईईटी स्कूल में ग्रेजुएशन डे समारोह का भव्य आयोजन

**वेलकम इंडिया**




**मेरठ।** एमआईईटी पब्लिक स्कूल, पल्लवपुरम में यूकेजी (अपर किंडरगार्टन) के विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन डे समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन विष्णु शरण, निदेशक अजय बंसल एवं प्रधानाचार्या नवनीत चड्ढा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस समारोह का आयोजन किंडरगार्टन के छात्र-छात्राओं के कक्षा एक में प्रवेश के उपलक्ष्य में किया गया, जिसमें बच्चों ने पारंपरिक दीक्षांत परिधान धारण कर भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य थीम ह्यजंगल बुकह्व पर आधारित थी, जिसके अंतर्गत छोटे बच्चों ने विभिन्न पात्रों के रूप में प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी कड़ी में यूकेजी की छात्रा सान्वी मलिक और आद्विका शर्मा ने अपनी किंडरगार्टन यात्रा के अनुभव साझा किए, जिससे कार्यक्रम में एक भावनात्मक पहलू जुड़ा। विद्यालय के चेयरमैन विष्णु शरण ने कहा कि विद्यालय का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों का चतुमुर्खी विकास सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा एमआईईटी बच्चों में जीवन मूल्यों और संस्कारों का बीजारोपण करने के लिए प्रतिबद्ध है, क्योंकि बिना संस्कारों और नैतिक मूल्यों के न तो कोई स्वयं सफल हो सकता है और न ही देश की प्रगति में योगदान दे सकता है। प्रधानाचार्या नवनीत चड्ढा ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह के अंत में सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की सफलता में इंचार्ज शिखा विश्नोई एवं समस्त किंडरगार्टन शिक्षिका वर्ग का विशेष योगदान रहा। इस भव्य आयोजन ने न केवल बच्चों के लिए एक यादगार क्षण प्रदान किया, बल्कि उनके आत्मविश्वास और भविष्य की शिक्षा के प्रति प्रेरणा का संचार भी किया।

## विभाग की लापरवाही का दंश झेल रहे राहगीर व ग्रामीण

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र शोहरतगढ़.के ग्राम पंचायत नकाही में सड़क क्षतिग्रस्त होने से जगह-जगह गायब हो गया है। घरों के गन्दे पानी की निकासी न होने से घरों का गंदा पानी इसी गे में आकर भरा रहता है। राहगीर व ग्रामवासी इसी गन्दे पानी में होकर आते जाते हैं। सड़क पर पानी इकठ्ठा रहने से गन्दगी फैली रहती, जिससे दुर्गध आता है। संक्रामक बीमारियों के फैलने की डर से आस पास के लोग भयभीत रहते हैं। ग्रामवासी मुबारक, राजेन्द्र निषाद, भीखराम यादव, बाबूलाल, अमीरूल्ला, राजन तिवारी, सलीम आदि ने कहा कि बरैनिया व पकड़ी चौराहा तक जाने के लिए यही एक मार्ग है लोग मजबूर होकर इसी गन्दे पानी से होकर आते जाते हैं। ग्रामवासियों ने कहा कि पकड़ी बाजार से नकाही तक पांच किमी सड़क का निर्माण होना था, मगर बरैनिया से नकाही तक एक किमी सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो जाने से जगह-जगह गायब हो गया है। ग्राम पंचायत विभाग द्वारा नाली का निर्माण न होने से गन्दे पानी की निकासी नहीं हो पाती है जिससे घरों का गन्दा पानी इसी में आकर रूका रहता है। प्रधान डल्लू चौधरी ने कहा कि सड़क न बनने से जगह जगह गढढा हो गया है अगर विभाग सड़क बनवा दे तो गन्दा पानी इकठ्ठा नहीं होगा। अवर अभियन्ता अशोक चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत पकड़ी चौराहा से बरैनिया तक 5200 मीटर सड़क बनना था उतना निर्माण हो चुका है।

# छह दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का किया शुभारंभ




**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** केनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान त्रिवेणी फैक्ट्री के समीप गोवर्धन मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान के लाभार्थियों के लिए 6 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान के लाभार्थियों को सब्सिडी के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है तथा उनको प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र 31/03/2025 तक पोर्टल पर अपलोड करना होगा। संस्थान के निदेशक भूपेंद्र सिंह ने बताया लाभार्थी प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते हैं वो संस्थान में आकर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। केनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान मथुरा 2011 से जिले के 18 से 45 वर्ष के बेरोजगार युवक और महिलाओं को रोजगार स्थापित करने के लिए निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। संस्थान में खाने के साथ ही आवासीय सुविधा भी उपलब्ध है। संस्थान में ब्यूटीपार्लर, महिला सिलाई, अगरबत्ती मोमबत्ती बनाना, ज्वेलरी बनाना, ठाकुर जी की पोशाक बनाना, जूट बैग, मोबाइल रिपेयर, एसी और फ्रिज रिपेयर, भैंस पालन, बकरी पालन , कंप्यूटर अकाउंटिंग मिलाकर कुल 64 प्रकार के निशुल्क प्रशिक्षण दिए जाते हैं। जो भी सीखने योग्य है वह शिक्षण केंद्र पर आकर निशुल्क शिक्षा के सकता है।

# गोल्ड मेडलिस्ट महिला बॉक्सर भूमिका का हुआ भव्य स्वागत

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, सबजूनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अपनी बेहतर प्रतिभा दिखाते हुए जिले की युवा खिलाड़ी भूमिका बसेड़ा नेअपने बेहतर प्रदर्शन से प्रतियोगिता में गोल्ड व सिल्वर मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया है।जहां जनपद में पहुंचने पर खेल प्रेमियों ने उनका भव्य स्वागत किया। अब भूमिका का चयन जॉर्डनमें आयोजित होने वाली एशियन चैंपियनशिप में ट्रायल के लिए हुआ है। नरेंद्रा पैलेस में शुक्रवार को चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष नरेंद्र खेतवाल की अध्यक्षता में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।व्यवसायी और चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एन एस खेतवाल ने कहा कि आज बागेश्वर की बेटियां खेलों में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। बॉक्सिंग, ताइक्वांडो, खो-खो, फुटबॉल, बैडमिंटन तथा हैंडबॉल में परचम लहरा रही हैं।इस मौके पर गोविंद मटियानी, मनमोहन परिहार, दीपक खेतवाल, कोच उमेश गड़िया व मयंक खेतवाल आदि मौजूद रहे

# नगरपालिका बरवाला चेयरमेन रमेश बैटरीवाला ने वार्ड नं.13 में आरसीसी सड़क के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**

**हरियाणा /हिसार (राजेश सलूजा) :** नगरपालिका बरवाला चेयरमेन रमेश बैटरीवाला ने वार्ड नंबर 13 में आरसीसी सड़क के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया ` इस निरीक्षण में चेयरमेन रमेश बैटरीवाला ने पार्षद प्रतिनिधि और ठेकेदार को दिशा निर्देश दिए और कहा कि सड़क पर लगभग साढ़े 46 लाख रुपए की लागत आएगी यह सड़क पूर्ण होने के कगार पर है इसके अलावा चेयरमेन रमेश बैटरीवाला ने पुरानी सब्जी मंडी के सामने डीलक्स टॉयलेट के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया` यहां पर तीन जेंट्स और तीन लेडिज टॉयलेट बनवाए जाएंगे` इन डीलक्स टॉयलेट में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जायेगा` चेयरमेन रमेश बैटरीवाला ने कहा कि जल्द ही कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा द्वारा बरवाला शहर में 6 करोड रुपए के विकास कार्यों का शुभारंभ किया जाएगा` सीएचसी रोड से लेकर हांसी रोड तक और भगत सिंह चौक को आईसीसी बनवाया जाएगा` इसके अलावा कम्युनिटी सेंटर व अन्य विकास कार्य करवाए जाएंगे` चेयरमेन रमेश बैटरीवाला ने कहा कि बरवाला शहर के लोगों को जल्द ही बेसहारा पशुओं से राहत दिलवाई जाएगी` इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि सुरेश शर्मा, सुनील शर्मा, कश्मीरी लाल वर्मा व भाजपा मंडल प्रधान मोनू संदूजा आदि मौजूद रहे।



# राज्य बनने के बाद प्रदेश को भाजपा व कांग्रेस ने खूब लूटा है: पवार

**वेलकम इंडिया**




**बागेश्वर,** उत्तरखंड स्वाभिमान मोर्चा के द्वारा प्रदेश भर में चलाई जा रही यात्रा का बागेश्वर पहुंचने पर स्वागत किया गया। यहां मोर्चा ने चिंतन गोष्ठी का आयोजन किया। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बॉबी पवार ने कहा कि पिछले 25 सालों से भाजपा व कांग्रेस ने सिर्फ लूटने का काम किया है। प्रदेश में भृस्टाचार चरम पर है, सत्ता के नशे में चूर सरकार लगातार अपने मनमाने रवैये से किसी की भी नही सुन रही है।प्रदेश में महंगाई भृस्टाचार, सत्ता के रसूखदारों का बोलबाला बना है,इसलिए प्रदेश की जनता अब तंग आकर नया विकल्प ढूंढ रही है। आने वाले विधानसभा चुनाव में इसका असर देखने को भी मिलेगा।पिंडारी मार्ग स्थित एक पैलेस में शुक्रवार को आयोजित गोष्ठी में कुमाउं संयोजक भूपेंद्र कोरंगा ने कहा कि उत्तरखंड की बेहतरी के लिए संकल्प एक विकल्प का नारा के साथ मोर्चा प्रदेश में भ्रमण कर रही है। 11 पर्वतीय जिलों में चिंतन गोष्ठी के माध्मय से प्रदेश के कई गंभीर मुद्दों को लेकर चर्चा की जा रही है। लोगों के सुझाव भी लिए जा रहे हैं। मोर्चा उपाध्यक्ष त्रिभुवन चौहान ने कहा कि प्रदेश की जनता मूतभूत सुविधाओं से वंचित है। प्रदेश के नेता मौज काट रहे हैं। महासचिव मोहित डिमरी ने कहा कि प्रदेश में शसक्त भू-कानून और मूल निवासी की मांग को लेकर सरकार लोगों को गुमराह कर रही है। राज्य आंदोलनकारी व सवाल संगठन के अध्यक्ष रमेश पांडेय कृषक ने कहा कि उत्तराखंड आंदोलन की मुख्य मांग पृथक पर्वतीय राज्य की थी, परंतु बहुत चालाकी से हमरे एक भू-भाग दे दिया। जहां आज पहाड़ के लोगों के अधिकार सुरक्षित नहीं हैं। इस मौके पर दिनेश चंद्र मास्टर निरंजन चौहान, भरत रावत, हरपाल पवार, चित्रपाल सजवाण, खष्टी कोरंगा, लोकेश पांडे, नारायण कोरंगा अर्जुन देव,रवि पाल,आदि मौजूद रहे।

# अग्रवाल समाज ने धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** अग्रवाल समाज बलदेव ने अग्रवाल रिसॉर्ट में बड़ी धूमधाम से होली मिलन समारोह मनाया गया। होली मिलन का शुभारंभ अग्रवाल समाज के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल,चेयरमेन डॉक्टर मुरारी लाल अग्रवाल, मनीष गगार्चार्य ,विनोद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कुलदेवी मां लक्ष्मी और अग्रसेन महाराज के छाया चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित और पुष्प अर्पित कर किया।

होली मिलन समारोह में समस्त अतिथियों के चंदन का तिलक लगाकर पुष्पों की होली खेली गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने कहा कि हमारे ब्रज में विभिन्न प्रकार की प्रेम से लठ्ठा मार, लड्डू मार,चढ़ी मार,अबीर गुलाल धूल और रंग से होली खेली जाती है तथा मतभेद और ईर्षा को होलिका दहन में जलाया जाता है। ब्रज की होली अद्भुत और अलौकिक है।कार्यक्रम के मंच पर बाल स्वरूप राधा - कृष्ण ने सभी मन मोहा तथा बाल कलाकारों के रसिया भजनों पर सभी को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया वहीं कवि नारायण सिंह की कविताओं ने होली मिलन समारोह में समा बांधते हुए चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को दाऊजी और रेवती मैया की तस्वीर देकर और पटुका पहना कर सम्मानित किया गया। इस दौरान उमेश अग्रवाल,विनोद अग्रवाल, डॉक्टर मुरारी लाल अग्रवाल,संजीव अग्रवाल, तुलसीराम अग्रवाल,सुदीप अग्रवाल,सुनील अग्रवाल,राकेश अग्रवाल,पवन अग्रवाल,दिनेश अग्रवाल,अतुल जिंदल,विनोद अग्रवाल करारी बाले, बादल अग्रवाल, धीरज अग्रवाल ,डॉ जगदीश पाठक,सुजीत वर्मा आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन पवन गोयल ने किया।

# नौजवानी की इबादत अल्लाह को खूब पसंद है मौलाना अजीजुर्रहमान कासमी

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** बीसवें रमजान के तीसरे जुमा की नमाज से पूर्व मौलाना अजीजुर्रहमान

कासमी ने अपने संक्षित संबोधन में रोजेदारो से कहा कि नौजवानी की इबादत अल्लाह को खूब पसंद है ।युवा वर्ग इस पवित्र माह में ये संकल्प लें कि पूरे साल माह रमजान की तरह नमाज इबादत और नेकी अच्छे कार्यों के साथ व्यतीत करेंगे।

मौलाना ने कहा कि अल्लाह जिसको पैदा करता है उसकी रोजी निश्चित कर देता है ।रोजी अल्लाह ने अपने जिम्मे लिए हैं ।भलाई करना,माल खर्च करना ,सदका, खैरात, दान देने वालों का बदला अल्लाह देता है। मौलाना ने कहा उल्टी सीधी हराम कमाई करके जमीन जायदाद न बनाएं । माता पिता के किए हुए नेकी के कार्य,अच्छे पुनीत कार्य का फल बच्चों को मिलता है। माल धन खूब खर्च करें ।जकात जरूर निकालें ।हिसाब जोड़कर निकालें। जकात देना अनिवार्य है। अल्लाह के रास्ते में दिल खोल कर खूब खर्च करो ।सदका खैरात दान दें ।इसका बदला अल्लाह आपको जरूर देगा। अपने माल में से अच्छी चीज खर्च दान करो। कूड़ा कबाड़ा दान में कदापि न दो ।अनुपयुक अनुपयोगी चीजें किसी को न दो।

# नवसंवत्सर मेला 29 को , तैयारियां पूर्ण

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** नववर्ष मेला समिति की गुरुवार को देर सायं सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर में आयोजित समीक्षा बैठक में नवसंवत्सर की पूर्व संध्या पर 29 मार्च को होने वाले विशाल नववर्ष मेला की तैयारियों को अंतिम रुप दिया गया।

बैठक का संचालन करते हुए मेला महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया कि भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत 2082 की पूर्व संध्या पर चैत्र कृष्ण अमावस्या तदनुसार 29 मार्च को सेठ बी०एन०पोद्दार इंटर कॉलेज मथुरा के मैदान में परम्परागत रूप से विभिन्न सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रमों के साथ इस वर्ष 24 वां विशाल मेला आयोजित होगा। इस अवसर पर रात्रि 8 बजे से आयोजित नववर्ष समारोह में मुख्य अतिथि श्री राधाबल्लभ संप्रदाय प्रधान पीठाधिपति तिलकायत अधिकारी गोस्वामी श्रीहित मोहित मराल जी महाराज एवं विशिष्ट अतिथि बेबीरानी मौर्य मंत्री महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग उत्तर प्रदेश होंगी। रात्रि 9.15 बजे से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन मुख आकर्षण का केंद्र होगा। इसमें दिल्ली के हास्य कवि महेंद्र अजनबी, पार्थ नवीन एवं मोनिका देहलवी, वीर रस के कवि मनवीर मधुर, डा० कुमार मनोज, अजय अंजाम, राधाकांत पाण्डेय एवं ज्योति त्रिपाठी कविता पाठ करेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सह विभाग कार्यवाह डॉ० संजय अग्रवाल ने मार्गदर्शन किया। बैठक में समिति अध्यक्ष कमलेश अरोरा, डॉ० शैलेन्द्र प्रताप सिंह, आरएसएस महानगर कार्यवाह विजय बंटा, डॉ० दीपा अग्रवाल, योगेश आवा, रजत बाल्मीकि, अनिरुद्ध अग्रवाल, सुभाष सैनी, अजय अग्रवाल, गंगाधर अरोड़ा, मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा, विशाल रुहेला, समीर बंसल, राजीवकृष्ण अग्रवाल, आचार्य ब्रजेंद्र नागर, रामदास चतुर्वेदी, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजू यादव, नयन शर्मा, अनुराधा शर्मा, नानक चंद्र महावर, डा० सीमा मिश्रा, डा० रुचि अग्रवाल, डा० मुकेश आर्यबंधु, अवधेश उपाध्याय, रामकिशन पाठक, जमुना देवी शर्मा, जेपीएस सिसोदिया, लक्ष्मण पाल, कान्हा यादव, संदीप माथुर, केशव गौड़, आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष कमलेश अरोरा ने एवं संचालन महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने किया।

# सुभारती विश्वविद्यालय में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप का हुआ शुभारंभ

वेलकम इंडिया

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज की ओर से पांच दिवसीय ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी किक बॉक्सिंग महिला व पुरुष वर्ग चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ हुआ।

विश्वविद्यालय के मांगल्य प्रेक्षागृह में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वाको किक बॉक्सिंग फेडरेशन इंडिया के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज, क्षेत्रीय खेल अधिकारी डॉ.अतुल सिन्हा, वाको इंडिया के सलाहकार सदस्य डॉ.दिनेश रघुवंशी, राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ की महासचिव रिचा सिंह, एथलेटिक्स एसोसिएशन मेरठ के सचिव अन्नू चैधरी, महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी हरियाणा के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.मस्तराम एवं कार्यक्रम के संयोजक व शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान फाइन आर्ट कॉलेज के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के. थपलियाल ने देश के विभिन्न राज्यों के विश्वविद्यालयों से आए प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बड़े हर्ष का विषय है कि एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज द्वारा ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए सुभारती विश्वविद्यालय को आयोजक बनाया गया है। उन्होंने बताया कि सुभारती विश्वविद्यालय शैक्षिक गुणवत्ता एवं भव्य परिसर के लिए देश में विख्यात है और विशेष रूप से खेल के क्षेत्र में विश्वविद्यालय उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। उन्होंने प्रतिभागी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं देते हुए सभी से देशहित में योगदान देने की अपील की। मुख्य अतिथि वाको किक बॉक्सिंग फेडरेशन इंडिया के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप के आयोजन करने हेतु सुभारती विश्वविद्यालय को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता के आयोजन से विद्यार्थियों की प्रतिभा में निखार आता है और उनमें आत्मविश्वास पैदा होता है। उन्होंने कहा कि किक बॉक्सिंग से विद्यार्थियों में शारीरिक व मानसिक बल आएगा। उन्होंने जनरल मोहन सिंह खेल मैदान पर बने किक बॉक्सिंग रिंग की प्रशंसा करते हुए भव्य कार्यक्रम आयोजन की सराहना की। उन्होंने किक बॉक्सिंग के इतिहास व इसके भविष्य से सभी को रूबरू कराया। किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप के संयोजक व शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप कुमार ने बताया कि ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप 25 मार्च तक आयोजित होगी। देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 100 विश्वविद्यालयों के एक हजार से अधिक छात्र-छात्राएं प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने आए हैं। किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप हेतु विश्वविद्यालय के जनरल मोहन सिंह खेल मैदान में रिंग बनाया गया है।



# इन्द्रियों को वश में रखने का नाम रोजा है: डा. सबीहा मुमताज

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** रमजान मुबारक का महीना आते ही दिल बदल जाता है।अल्लाह की रहमत की बारिश होने लगती है।दिन रात का का हर लम्हा रोशनी में नहा जाता है।मस्जिदें आबाद हो जाती हैं।सुबह भोर में सेहरी का दृश्य रोजेदारों के लिए खुशनुमा शांतिपूर्ण रहता है। आध्यात्मिक सुकून मिलता है। उक्त बातें राजकीय कन्या इंटर कॉलेज खलीलाबाद की प्रधानाचार्या डा. सबीहा मुमताज ने एक मुलाकात में कहीं। उन्होंने कहा कि ये महीना सिर्फ रोजों का नहीं है।अपितु सबर, संयम, इबादत, प्रेम,बंधुत्व, मुहब्बत ,भाईचारा, सहयोग,समर्पण ,दान पुण्य कमाने का महीना है। ये महीना भूखों ,गरीब,अनाथ विधवा,की हालत पर गौर करने की शिक्षा देता है।दिलों को नरम करता है।लोगों की मदद करने के लिए प्रेरित करता है। माहे रमजान के रोजे जन्नत का सस्ता सौदा है।नेकियों को इस महीने खूब इबादत ,तिलावत ,नमाज ,जिक्र से कमाएं।जहन्नम से रिहाई का समय है।ये मुबारक लम्हे कहीं यूं ही न गुजर जाएं।।।माह रमजान में रोजा रखना इबादत है इबादत के साथ धार्मिक व सामाजिकता के साथ बेहतर स्वास्थ्य व अनुशासन का भी सन्देश देता है। रोजा ही भूखा व प्यासे के दर्द का एहसास दिलाता है। तेरह घंटे भूखे रहने से कई बीमारियों से छुटकारा मिलता है। माहे रमजान में अल्लाह की रहमत बरसती है। उन्होंने कहा कि रोजा सिर्फ भूखे प्यासे रहने का नाम नहीं बल्कि अपनी इन्द्रियों को वश में रखने का नाम रोजा है।

# सियासत का मकसद अवाम की खिदमत हो, न कि नुकसान पहुंचाना,एम सगीर

वेलकम इंडिया,



**टाण्डा जिला रामपुर।** नगर पालिका के सीनियर सभासद मास्टर एम सगीर ने स्थानीय राजनीति पर अपनी राय जाहिर करते हुए सोशल मीडिया पर एक अहम पैगाम शेयर किया है। उन्होंने कहा कि सियासत उसूलों पर आधारित होनी चाहिए और नकारात्मक राजनीति से परहेज किया जाना चाहिए।

मास्टर एम सगीर ने अफसोस जताते हुए कहा कि यहां यदि कोई व्यक्ति किसी एक सियासी ग्रुप के करीब होता है, तो दूसरा ग्रुप उसकी कमजोरियां तलाश कर उसे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है और इसे अपनी कामयाबी समझता है। जबकि सियासत का असल मकसद अवाम की खिदमत होना चाहिए, न कि किसी को नुकसान पहुंचाना। उन्होंने कहा कि जो लोग दूसरों को नुकसान पहुंचाते हैं, उन्हें जमाना लंबे समय तक याद रखता है, लेकिन असल इज्जत उन्हीं को मिलती है जो अपने उसूलों पर कायम रहते हुए अवाम की भलाई के लिए काम करते हैं। किसी भी सियासी शख्स को ऐसा कोई भी कदम नहीं उठाना चाहिए जिससे जनता को नुकसान पहुंचे और उसकी भरपाई मुश्किल हो जाए। मास्टर एम. सगीर ने टांडा की जनता की सराहना करते हुए कहा कि यहां की अवाम खुद्दार है और अपने आत्मसम्मान के बल पर जीवन व्यतीत कर रही है। उन्होंने स्थानीय नेताओं से अपील की कि वे जनता के हितों को प्राथमिकता दें और ऐसी राजनीति करें जो कस्बे की तरक्की और अवाम की भलाई का सबब बने।

# आठ वर्षीय अक्सा जबीं के बीस रोजे मुकम्मल

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** नगर के मोहल्ला काजीपुरा की आठ वर्षीय मासूम बच्ची अक्सा जबीं ने रमजान-उल-मुबारक के मुकद्दस महीने में अपनी दीनी लगन और पक्के इरादे से एक बेहतरीन मिसाल कायम की है। मकतब हमदर्द की यह नन्ही तालिबा अब तक पूरे 20 रोजे रख चुकी है और बाकी के रोजे भी पूरे करने का उसका पुख्ता इरादा है।

अक्सा के वालिद मोहम्मद फहीम और घर के अन्य सदस्य उसकी इस हिम्मत और मजहबी शौक पर फख्र महसूस कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अक्सा को इबादत का खासा शौक है और वह नमाज, कुरआन की तिलावत और मजहबी रसूमात में गहरी दिलचस्पी रखती है।इस बार उसने रमजान के तमाम रोजे रखने का मजबूत इरादा किया और अब तक बिना किसी कमजोरी या शिकवा-शिकायत के अपने रोजे मुकम्मल किए हैं। अक्सा की इस दीनी लगन और हौसले को देखकर मोहल्ले के तमाम लोग उसकी खूब सराहना कर रहे हैं। बुजुर्गों का कहना है कि इतनी छोटी उम्र में ऐसा मजबूत इरादा कम ही देखने को मिलता है। उसके इस जज्बे ने न सिर्फ उसके हम उम्र बच्चों को बल्कि बड़ों को भी प्रेरित किया है।

# 73 डिप्लोमा धारी छात्रों की चमकी किस्मत

वेलकम इंडिया



**मेरठ।** मेरठ दिल्ली रोड स्थित संस्था डी एन पॉलिटेक्निक कॉलेज में शुक्रवार को 73 मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल विभाग के छात्रों की किस्मत ने जोर मारा जब कपारो मारुति प्राइवेट लिमिटेड से डीजीएम एचआर रविंद्र सिंह अपनी टीम के साथ संस्था के कैंपस में पहुंचे जहां उन्होंने लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से 73 छात्रों को अपनी किस्मत संवारने का मौका दिया सर्वप्रथम संस्था के प्रधानाचार्य मनोज कुमार वास्नेय सुखदेव शर्मा आदि लोगों ने कपारो मारुति लिमिटेड से आई टीम का स्वागत किया तत्पश्चात संस्था के ऑडिटोरियम हॉल में रविंद्र सिंह ने कंपनी पॉलिसी और सैलेरी स्ट्रक्चर के बारे में विस्तार पूर्वक छात्रों को बताया इसके बाद रजिस्ट्रेशन हुए छात्र-छात्राओं की लिखित परीक्षा ली गई तत्पश्चात साक्षात्कार करने के बाद 73 छात्र-छात्राओं को किस्मत संवारने का मौका दिया गया संस्था के प्रधानाचार्य ने सभी सिलेक्ट किए गए छात्रों को सफलता का गुरु मंत्र देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सौरभ लांबा सतवीर सिंह अर्पित बंसल राकेश रमाकांत आदि का विशेष योगदान रहा।

# प्रेम विवाह उपरांत कोर्ट में बयान दर्ज कराने पहुंचे प्रेमी प्रेमिका के साथ जमकर की मारपीट

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर**/जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर के थाना बहादुरगढ़ के अंतर्गत आने वाले गांव महमदपुर निवासी शिवानी ने घर से भाग कर एक वर्ष पूर्व गांव के ही रहने वाले मनीष के साथ प्रेम विवाह किया था। जिसके चलते शिवानी के परिजनों ने मनीष के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिसमें मनीष के द्वारा कोर्ट से गिरफ्तारी पर स्टे लिया हुआ था। जिसके चलते 19 मार्च को थाने से इन्वेस्टिगेशन अधिकारी प्रेमी प्रेमिका के बयान लेने के लिए गढ़मुक्तेश्वर कोर्ट गया था। जहां प्रेमी प्रेमिका कोर्ट में बयान दर्ज करा कर जैसे ही वापस लौट रहे थे। अभी गुस्साए प्रेमिका के पीड़ित परिजनों ने दोनों की जमकर पिटाई की जिससे सड़क पर अपरा तफरी मच गई। और युवती के परिजन जबरन युवती को गाड़ी में डालकर ले गए। और घायल प्रेमी को सड़क पर छोड़ दिया। वहीं दिनदहाड़े बीच सड़क पर प्रेमी और प्रेमिका के साथ की गई। मार-पीट और ज्योति को जबरन उठाकर ले जाने की सूचना से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# राजकीय कन्या इंटर कालेज खलीलाबाद में तीसरे दिन हुआ मूल्यांकन



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** शुक्रवार को राजकीय कन्या इंटर कालेज खलीलाबाद में दूसरे दिन भी प्रधानाचार्या डा. सबीहा मुमताज के कुशल नेतृत्व में मूल्यांकन का कार्य तेजी से चल रहा है। प्रधानाचार्या डा. सबीहा मुमताज ने बताया कि तीन दिनों में 23501 कॉपियों का मूल्यांकन उपप्रधान परीक्षकों की देखरेख में 206 परीक्षकों द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि परीक्षकों को कोई असुविधा न हो इसका ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि मूल्यांकन कार्य पूरी शुचिता के साथ किया जा रहा है। तय समय सीमा के अंदर मूल्यांकन कार्य पूरा हो जाएगा।

# वरिष्ठ समाजसेवी डॉ राजेंद्र सिंह औलख ने राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई स्काउट को संबोधित किया




वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई स्काउट के द्वारा सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कार्यक्रम आयोजित किया गया।आपको बता दें कि जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर के सिंभावली ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले गांव फरीदपुर सिम्भावली के पंचायत सचिवालय में किसान डिग्री कालिज सिम्भावली के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई के स्काउटस को सड़क सुरक्षा, बेटी बचाओ, पर्यावरण प्रहरी के लिए वरिष्ठ समाजसेवी क्षेत्र के हर दिल अजीज पुराने एन एच 24 पर स्थित महाराजा फार्म हाउस के डायरेक्टर डॉ राजेन्द्र सिंह औलख के द्वारा सम्बोधित किया गया।

# रालोद युवा जिला अध्यक्ष राहुल गुर्जर द्वारा आयोजित विशाल युवा संवाद में केंद्रीय मंत्री अनिल कुमार ने युवाओं को बताया देश की रीड

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** जनपद में राष्ट्रीय लोकदल पार्टी का युवा जिला अध्यक्ष राहुल गुर्जर को उच्च पदाधिकारी द्वारा बनाए जाने पर रालोद में कार्यकताओं की बढ़ने लगी संख्या, युवा जिला अध्यक्ष पार्टी की उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंच रहे जिससे लोग पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने में बढ़-चढ़कर ले रहे हिस्सा, संगठन के विस्तार हेतु युवा अध्यक्ष द्वारा एक विशाल युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन बुलंदशहर के कलश होटल में रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार रहे। जिन्होंने युवाओं को देश की तरक्की का रास्ता बताया। बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार का जनपद बुलंदशहर आगमन हुआ, कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार अनिल कुमार का रालोद जिला अध्यक्ष पंकज प्रधान के नेतृत्व में भूड़ चौराहे पर स्वागत किया और भूड़ चौराहे स्थित स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा स्थल पर अनिल कुमार ने माल्यार्पण किया, तत्पश्चात कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने कलश होटल में आयोजित युवा रालोद संवाद कार्यक्रम में शिरकत की। युवा रालोद की जिला कार्यकारिणी के गठन व मनोयन पत्र वितरण कार्यक्रम किया गया जिसमें युवाओं के सभी जिला उपाध्यक्ष जिला महासचिव जिला सचिव व जिला कार्यकारिणी के सदस्यों को अनिल कुमार ने मनोयन पत्र सौंपे। युवा संवाद को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि युवा देश की रीड है युवाओं के द्वारा ही देश तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ता है राष्ट्रीय लोक दल के युवा जिला अध्यक्ष राहुल गुर्जर द्वारा किए गए विशाल युवा संवाद काबिले तारीफ है राष्ट्रीय लोकदल पार्टी हमेशा युवाओं की हितेषी रही है रालोद हमेशा युवाओं को आगे लेकर चलती है। इसके पश्चात कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने राहुल गुर्जर के आवास पर भोजन किया तथा पत्रकार वार्ता की। तत्पश्चात कैबिनेट मंत्री अंबेडकर छात्रावास पहुंचकर अंबेडकर छात्रावास में उपस्थित छात्रों को संबोधित किया ।छात्रों से संवाद करते हुए मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि छात्रों की सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा उसके पश्चात पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने जिला अधिकारी बुलंदशहर श्रुति व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के साथ बैठक की और किसानों युवाओं छात्रों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देशित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी विजेंद्र सिंह ने तथा संचालन रालोद संगठन के जिला संयोजक डॉक्टर कुंवरवीर सिंह ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कुंवर पीके सिंह, जिला अध्यक्ष पंकज प्रधान, डॉ कुंवरवीर सिंह युवा जिलाध्यक्ष राहुल गुर्जर पंडित मुकेश प्रमुख डॉक्टर मांगेराम खटीक चौधरी गजेंद्र तेवतिया चौधरी सतवीर दीवान महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष निशु चौधरी सुधीर बिट्टू प्रधान अवनीश ठाकुर कुंवर शाहनवाज शोभी चेयरमैन साबू मोनिश विजय दीपक अनुज राठी अवनीश कौशिक अर्जुन चौधरी मोहित शर्मा नरेंद्र राठी सिराज सुशील गुर्जर सिराज खान आमिर अली दीपक रमेश गुरु शर्मा गुरु शर्मा कृतिक रोहित शत्रुघ्न शर्मा अनुज संदीप प्रधान आशीष आदि काफी संख्या में रालोद कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# जिला कृषि औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी बुलंदशहर का मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह ने किया उद्घाटन

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** जनपद में प्रत्येक वर्ष लगने वाली जिला कृषि औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी का आज रंगारंग आगाज हो गाया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने जिला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। लगभग डेढ़ सौ साल पुरानी ऐतिहासिक जिला प्रदर्शनी का शुक्रवार को विधिवत आगाज हो गया। बीते कई दिनों से जिला प्रशासन की ओर से तमाम तैयारियां की जा रही थी। इस बार प्रदर्शनी का उद्घाटन पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार जयवीर सिंह ने किया। इस दौरान भाजपा के विधायक व कार्यकर्ता एवं प्रशासनिक अधिकारी जिला कृषि औद्योगिक प्रदर्शनी के सदस्य भी मौजूद रहे। विधिवत उद्घाटन के बाद ओपन स्टेज पर ब्रज की होली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके बाद रात में प्रिंस ग्रुप डांस कार्यक्रम आयोजित होगा। प्रदर्शनी के उद्घाटन से पूर्व बुधवार को डीएम श्रुति ने जिला प्रदर्शनी की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को तमाम तैयारियों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी आधी अधूरी तैयारियों के बीच जिला प्रदर्शनी का शुभारंभ होगा गया। शुभारंभ को यादगार बनाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से बड़े स्तर पर तैयारियां करने का दावा किया गया है। लेकिन प्रदर्शनी परिसर में अभी तक झूले, मौत का कुंआ और दुकानों के साथ सरकारी विभागों के स्टाल की तैयारियां भी आधी-अधूरी है ।शुक्रवार को नुमाइश मैदान में जिला प्रदर्शनी का शुभारंभ पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने किया, इस दौरान जिले के प्रशासनिक अफसरों के साथ प्रदर्शनी से जुड़े सदस्य भी मौजूद रहें। लेकिन शुभारंभ के दौरान जिला प्रदर्शनी का आयोजन इस बार फीका रह सकता है। जो हम नहीं बल्कि कई दिनों से जिला प्रदर्शनी समिति द्वारा कछुआ गति से की जा रही तैयारियां बता रही है। बाजारों में शुभारंभ से पूर्व सजने वाली दुकानों की जगह अभी तक केवल बल्लियां ही नजर आ रही है, वहीं, पक्की दुकानें भी अभी तक खाली है। जबकि, जिला प्रदर्शनी अध्यक्ष/जिलाधिकारी श्रुति द्वारा बड़े कार्यक्रमों की सूची भी बृहस्पतिवार को जारी कर दी गई। सुरक्षा के लिए शहर के साथ देहात से भी पुलिसकर्मियों को लगाया जाएगा। नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रदर्शनी के शुभारंभ को लेकर तैयारियां कराई जा रही है। समय-समय पर प्रदर्शनी स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लेकर निर्देश दिए जा रहे है। शुभारंभ से पूर्व स्टेज और स्टॉल लगने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। जो कार्य शेष रह गया है। उसे जल्द करने के निर्देश दिए गए है।






## चौकी प्रभारी ने संभाला कार्यभार

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** नवागत चौकी प्रभारी अरविंद कुमार सक्सेना ने पहुंचकर विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस दौरान उन्होंने बताया कि शासन के मंशानुरूप कार्य करते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाना पहली प्राथमिकता में है साथ ही क्षेत्र में कानून व्यवस्था कायम रखते हुए अपराधियों पर सख्त नजर पुलिस की होगी, जिससे क्षेत्र में अमन शांति कायम रहे। पीड़ितों के लिए मेरा दरवाजा हमेशा खुला रहेगा। सक्सेना ने कहा कि क्षेत्र के सम्मानित एवं संभ्रांत लोग अपराधिक गतिविधि पर लगाम लगाने के लिए पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। सरकार के अपराध मुक्त जिले के सपने को साकार करने के लिए क्षेत्र में हर स्तर से पालन कराया जाएगा।

## प्लॉट दिलाने का झांसा देकर हड़पे सात लाख रुपय

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** मोहल्ला देवीपुरा निवासी अवनीश कुमार से उनके रिश्तेदार ने ही प्लॉट दिलाने का झांसा देकर सात लाख रुपये हड़प लिए। बैनामा न होने पर पीड़ित ने रुपये मांगे तो आरोपी ने देने से इन्कार कर दिया। साथ ही भुगत लेने की धमकी दी। पीड़ित ने एसएसपी०से कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला देवीपुरा निवासी अवनीश सिंह ने एसएसपी को तहरीर देकर बताया कि उनकी खुर्जा में एक रिश्तेदारी है। आरोपी रिश्तेदार उनका खानदानी रिश्ते से बहनोई लगता है। वह प्रोपर्टी सेल परचेज का काम भी करता है। बीते दिनों पीड़ित ने आरोपी रिश्तेदार से एक प्लॉट दिलाने की बात कही थी। जिस पर आरोपी ने उन्हें खुर्जा जंक्शन क्षेत्र में एक प्लॉट दिखाया था। यह प्लाट सौ गज का था। आरोपी से इसका सौदा 27 लाख रुपये में तय हुआ था। पीड़ित ने बीते नवंबर माह में आरोपी को सात लाख रुपये चेक के माध्यम से दे दिए थे। गत जनवरी माह में प्लाट का बैनामा कराने की बात तय हुई थी लेकिन समय बीतने पर आरोपी पक्ष ने बैनामा नहीं कराया गया। जब दबाव बनाया गया तो आरोपी ने बैनामा करने से इन्कार कर दिया और रकम भी नहीं लौटाई। एसएसपी ने पीड़ित को जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## पातालेश्वर महादेव मंदिर पर भागवत कथा का शुभारंभ, निकाली कलश यात्रा

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर राजघाट में शुक्रवार को पातालेश्वर महादेव मंदिर पर भागवत कथा का आयोजन किया गया महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर कलश यात्रा में शामिल हुई भागवत कथा से पहले नगर में ढोल-नगाड़ों के साथ कलश यात्रा निकाली जो मुख्य मार्ग से होकर गुजरी कलश यात्रा पातालेश्वर महादेव मंदिर से बड़ा बाजार घंटाघर से होती हुई बांके बिहारी घाट पर विद्वान पंडितों मंत्रोच्चार कर कलश भरकर अपने सिर पर रखे वहां से कलश यात्रा पातालेश्वर महादेव मंदिर पर समापन हुई भागवत कथा व्यास पंडित राजकिशन मिश्रा ने सभी भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया भागवत कथा के मुख्य यजमान सोनू पंडा ने विधि विधान से पूजा अर्चना की।इस दौरान शिवम शर्मा विशाल शर्मा, पवन शर्मा, अंशुल शर्मा, शागर शर्मा, गोपाल शर्मा, छोटे लाल शर्मा सहित तमाम भक्त गण आदि मौजूद रहे।



## जकात अदा करने से माल घटता नहीं बल्कि बढ़ता है ,मुफ़्ती वसीम

वेलकम इंडिया

**टाण्डा जिला रामपुर।** रमजान के तीसरे जुमे पर नगर की जामा मस्जिद समेत सभी मस्जिदों में मुसलमानों ने पूरे इखलास के साथ जुमे की नमाज अदा की। इस खास मौके पर मस्जिद के इमामों ने रोजा, जकात और शबे कद्र की फजीलत पर तफ्सील से रोशनी डाली। जामा मस्जिद में जुमे की नमाज मौलाना मुफ्ती मोहम्मद वसीम ने अदा कराई। अपने खुतबे में उन्होंने बताया कि जकात इस्लाम का अहम रुक्न है, जो समाज में बराबरी और भाईचारे को बढ़ावा देता है। उन्होंने मुसलमानों को ताकीद की कि वे अपने माल का सही हिसाब लगाकर पूरी-पूरी जकात अदा करें और इसमें अपने करीबी रिश्तेदारों को तरजीह दें। उन्होंने कहा कि जकात देने से माल घटता नहीं, बल्कि उसमें बरकत आती है। इस दौरान नमाजियों को शबे कद्र की अहमियत भी बताई गई, जिसे इबादत की सबसे अफजल रात माना जाता है। मुफ्ती साहब ने कहा कि यह रात हजार महीनों से बेहतर है, इसलिए इस दौरान इबादत, तिलावत और दुआओं का खास एहतमाम करना चाहिए। नमाज के बाद मुल्क की तरक्की, खुशहाली और अमन-चैन के लिए खुसूसी दुआ कराई गई।

नमाजियों ने रब से अपने गुनाहों की माफी मांगी और समाज में भाईचारे और मोहब्बत की दुआ की।



## प्रधानमंत्री मोदी पर आपत्तिजनक वीडियो बनाना पड़ा भारी, आरोपी युवती दिल्ली से गिरफ्तार

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर वीडियो बनाने वाली बारादरी थाना क्षेत्र की युवती को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। युवती पर आरोप लगा था कि उसकी टिप्पणी से जनमानस की भावनाओं को ठेस पहुंची।

जिसके बाद बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इस मामले में एसएसपी कार्यालय की सोशल मीडिया सेल पर मिली शिकायत व मेसेज की जांच जोगी नवादा चौकी प्रभारी कर रहे थे। शिकायत में बताया गया कि इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर प्रधानमंत्री के वीडियो को आपत्तिजनक बनाकर अपलोड किया गया है। वीडियो देखकर हिंदू संगठन के लोग नाराज हो गए। जांच के दौरान सामने आया है कि वीडियो वायरल करने वाली आरोपी युवती जोगी नवादा की रहने वाली है और उसका नाम अनमोल बताया जा रहा है, वर्तमान में अनमोल दिल्ली स्थित मंगोलपुरी में रह रही थी।



## सरकार के तीन साल का कार्यकाल बेमिसाल-कुंदन




वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के तीन साल होने पर भाजपा पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेश संगठन से नियुक्त मुख्य वक्ता एडवोकेट कुंदन परिहार ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी राज्य से बेहद लगाव है उनके द्वारा कई ऐतिहासिक परियोजनाओं को मंजूरी दी है ।पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए एडवोकेट परिहार ने कहा कि 2022 के कार्यकाल में पुष्कर धामी ने राज्य की राजनीति का मिथक तोड़ते हुए दोबारा सत्ता हासिल की। इसके बाद समान नागरिक संहिता, नकल विरोधी कानून, 20 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार, महिला कल्याण की विशेष योजनाएं संचालित की। कहा कि राष्टीय खेल का सफल आयोजन करके देश में राज्य को अलग पहचान दिलाई है। परिहार ने कहा कि धामी सरकार ने राज्य में महिलाओं के साथ ही राज्य आंदोलनकारियों को आरक्षण व्यवस्था देकरउनका सम्मान किया है। इसके अलावा मानसखंड, शिक्षा व स्वास्थ्य व पर्यटन के क्षेत्र में कई योजनाओं का संचालन करके राज्य का चहुमुखी विकास किया जा रहा है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व में अपना डंका बजाया है साथ ही उनके द्वारा राज्य की कई बढ़ी परियोजनाओं को मंजूरी देकर अपना उत्तराखंड के विकास में कार्य किया जा रहा है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार रिवर्स पलायन के साथ ही जंगली जानवरों से निजात दिलाने के लिए योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने जनपद में सरकार द्वारा किए गए कार्यां को गिनाते हुए कहा कि आजजनपद प्रदेश में कीवी उत्पादन, मत्स्य पालन आदि में अलग पहचान बना चुका है साथ ही जनपद को हेली सेवा प्रदान की है।

## दो अभियुक्त को दो-दो वर्ष के कारावास की हुई सजा

**बुलंदशहर।** योगेश कुमार (विशेष लोक अभियोजक) ने बताया कि अभियुक्त मदना पुत्र गोपाल अहेडिया निवासी ग्राम रुस्तम गढ़ी थाना छतारी जिला बुलंदशहर व नाथू पुत्र भजना अहेरिया निवासी धरोई थाना अकराबाद जिला अलीगढ़ ने एक अवैध व अनुचित सक्रिय गैंग बना रखा था। जिसका गैंग लीडर मदना था, मदना अपने गैंग के साथी के साथ में मिलकर अपने आर्थिक भौतिक लाभ प्राप्त करने के लिए तथा समाज में भय व आतंक व्याप्त करने के लिए जनता के लोगों का अपहरण कर मारपीट चोरी,डकैती,लूट व हत्या करके अवैध धन अर्जित करते थे। इस गैंग के द्वारा किए जा रहे अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए तत्कालीन थाना अध्यक्ष छतारी ने उक्त गिरोह के विरुद्ध दिनांक 21 अप्रैल 1992 को गिरोह बंद व समाज विरोधी क्रिया।

## सपा नेता प्रदेश सचिव महेश कश्यप का 48वां जन्मदिन धूमधाम से बच्चों में खुशियां बांटकर मनाया गया

वेलकम इंडिया

**झांसी।** समाजवादी पार्टी के पीडीए जन संवाद बुंदेलखंड प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदेश सचिव महेश कश्यप का जन्मदिन पूरे बुंदेलखंड के सातों जिलों में छात्र छात्राओं को पेंसिल, रबड़, कापी आदि भेंट कर व केक काटकर कार्यकताओं ने धूमधाम से मनाया। उनका 48वाँ जन्मदिन पर बबीना विधानसभा के ग्राम गांधीपुरा स्थित शीतला माता के मंदिर में प्रशाद चड़ाकर व आशीर्वाद लेकर स्कूली बच्चों के साथ जन्मदिन मनाया। तत्पश्चात शाम को सपा के अनेक कार्यकताओं ने ग्वालियर रोड स्थित निवास पर शुभकामनाएं दी व केट काटकर मनाया गया। प्रदेशभर से सपा के वरिष्ठ नेताओं, एवं सामाजिक दार्शनिकों व मित्र मंडली ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी व उनके स्वास्थ्य और तंदुरुस्त जीवन के साथ-साथ उज्जवल भविष्य की कामना की। सपा के प्रदेश सचिव महेश कश्यप ने कहा कि सेवा और न्याय के पथ पर चलते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में वे आम जरूरतमंद पीडीए के लोगों तक उनकी नीतियों को पहुंचते हैं व समय-समय पर पीडीए के लोगों तक पहुंचते रहते हैं। उन्होंने कहा कि के ऐसे परम श्रद्धेय स्व नेता जी के युवा पुत्र के साथ काम कर हम जैसे सभी युवाओं में हर्ष है उन्हीं से प्रेरित होकर आज उन्होंने बच्चों में शिक्षण सामग्री का वितरण किया और निश्चित ही सपा सरकार के बनते ही हम अपने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से कहकर पीजी तक की शिक्षा बिल्कुल मुफ्त करवाएंगे।

वहीं, इस मौके पर उन्होंने कार्यकताओं का आभार जताया और कहा कि मेरे जन्मदिन पर मिली आप लोगों की ढ़ेर सारी शुभकामनाओं और स्नेह के लिए सभी शुभचिंतकों का हार्दिक आभार। आपका यही अनुराग व आशीष मुझे सदैव जनहित और सेवाभाव के लिए प्रेरित करता है। आशा करता हूं आपका यह प्रेम, सहयोग व आशीर्वाद सदैव मुझे यूं ही मिलता रहेगा। आप सभी की शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद मेरे लिए नई ऊर्जा का स्त्रोत है। हृदय से आप सभी का धन्यवाद। इस अवसर पर डॉ अशोक यादव, श्रीपद साहू, सुरेंद्र कश्यप, पवन कश्यप, रोहित कश्यप, अरुण रायकवार के के सिंह यादव, प्रदीप कुशवाहा, जीतू रैकवार सुरेंद्र ,राजेंद्र,नीरज, राहुल, भईयन ,पवन,अरविंद,देवेंद्र,कमलू रवि प्रशांत सोनी कालीचरण रायकवार, सोनू रायकवार आदि रहे।



## अवैध कालोनियों की रोकथाम को लेकर उपायुक्त ने ली अधिकारियों की बैठक



वेलकम इंडिया

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में आकर अवैध कालोनियों में प्लाट न खरीदें। इस संबंध में उन्होंने जिला नगर योजनाकार व संबंधित विभागों के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे अवैध कालोनियों के विरुद्ध निरंतर अपना अभियान जारी रखें और ये सुनिश्चित करें कि कोई भी नई अवैध कालोनी विकसित न होने पाए। इसके लिए जिला नगर योजनाकार को यह निर्देश दिए गए कि वे ऐसे स्थानों की सूची तैयार करें जहां कृषि भूमि पर प्लाट काटकर बेचे जाने का अंदेशा हो। यह सूची खसरा नंबर, अन्य तथ्यों सहित सभी तहसीलों व एसडीएम कार्यालय में भेजी जाए ताकि वहां किसी भी सूरत में रजिस्ट्री न होने पाए।

नगर निगम क्षेत्र के बाहर बसाई गई कॉलोनियों के प्लॉट धारकों को जरूरी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2019 में अधिसूचना जारी की गई थी। इसके उपरांत वर्ष 2022 में एक नीति भी निर्धारित की गई थी, जिसके तहत कॉलोनाइजर को जिला स्तरीय कमेटी के समक्ष अपना आवेदन देना था। ऐसी कॉलोनियों को नियमित करने के लिए अभी तक केवल 11 आवेदन ही जिला स्तरीय कमेटी को मिले हैं, जबकि जिला प्रशासन द्वारा निगम क्षेत्र के बाहर ऐसी 177 कॉलोनी/कलस्टर चिन्हित किए गए हैं। यह सुनिश्चित किया जाए कि जिले में अवैध कॉलोनियां न पनपे अन्यथा संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। उपायुक्त ने आमजन से भी अपील करते हुए कहा कि वे ऐसे अवैध कॉलोनाइजरों के चंगुल में न फसें। उन्होंने जिले के सभी तहसीलदारों को अवैध कॉलोनियों को विकसित होने से रोकने के संबंध में सख्त दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, बरवाला एसडीएम डॉ. वेद प्रकाश बेनीवाल, हांसी एसडीएम राजेश खोथ, नारनौंद एसडीएम मोहित महराणा, डीएसपी रविंद्र सांगवान, जिला नगर योजनाकार गुंजन वर्मा, डीआईओ ज्योति सहित संबंधित तहसीलदार व नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

# अर्बन एग्रोटेक के सहयोग से अब वाराणसी में भी हिमालयन स्ट्रॉबेरी की प्राकृतिक और जैविक खेती सम्भव

वेलकम इंडिया



**कछवांरोड।** अर्बन एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड के तत्वाधान में वाराणसी जिले के मिजार्मुराद के किसान लल्ला प्रसाद मौर्या और उनके जैवप्रौद्योगिकी अभियांत्रिकी विषय के वैज्ञानिक पुत्र इंजीनियर अहर्निश मौर्या ने अर्बन एग्रोटेक के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शैलेन्द्र सिंह शेरा एवं डॉ. वंश नारायण सिंह और भदोही जिले के वर्तमान जिला संसाधन अधिकारी (डीआरपी-एलएच) डॉ. वेद कुमार मिश्रा के दिशा निर्देशन में विपरीत मौसम परिस्थिति में प्राकृतिक एवं जैविक तरीके से हिमालयन स्ट्रॉबेरी की खेती करके लाखों का मुनाफा कमा रहे हैं। आज के खाद्यान्न एवं तेजी से बदलते मौसम के इस विषम परिस्थितियों में बिना किसी रासायनिक उर्वरक के पूर्ण रूप से जैविक तरीके से हिमालयन स्ट्रॉबेरी की सफल खेती कर रहे हैं। डॉ. शैलेन्द्र सिंह शेरा ने पहले भी काडीर्शेप (कीड़ाजड़ी) मशरूम की अर्बन एग्रोटेक लैब में पैदावार करके और बटन मशरूम की विभिन्न प्रजातियों को प्राकृतिक तरीके से उगाकर उसके व्यवसाय से लाखों रुपए का मुनाफा अर्जित कर चुके हैं। डॉ. शैलेन्द्र सिंह शेरा और डॉ. वंश नारायण सिंह पहले भी आईआईएम काशीपुर एवं कृषि मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अर्बन एग्रोटेक को प्रदान किए गए फंड से औषधीय गुणों से भरपूर कार्डिशेप मशरूम का इस्तेमाल करके आरोग्यम ग्रीन टी एवं सुपर हेल्थ कैप्सूल बनकर व्यवसाय कर रहे हैं। इनके नियमित सेवन से लोग तमाम प्रकार की बीमारियों से बच सकते हैं। इस बार डॉ. शैलेन्द्र सिंह शेरा, डॉ. वंश नारायण सिंह एवं डॉ. वेद कुमार मिश्रा के साथ मिलकर इंजीनियर अहर्निश मौर्या एवं लल्ला प्रसाद मौर्या के द्वारा उनके देखरेख में हिमालयन स्ट्रॉबेरी की फसल को उगाने का निर्णय लिया। विटामिन सी, लौह व खनिज तत्व की प्रचुर मात्रा होने के कारण इस फल का सेवन रक्त अल्पता से ग्रसित रोगियों के लिए बहुत ही लाभप्रद पाया गया है। मैदानी क्षेत्रों में इसकी पैदावार बढ़ाने से किसानों को व्यावसायिक खेती के माध्यम से आजीविका की बढ़ोत्तरी का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। डॉ. शैलेन्द्र सिंह शेरा, डॉ. वंश नारायण सिंह, डॉ. वेद कुमार मिश्रा और इंजीनियर अहर्निश मौर्या ने भविष्य में इसी प्रकार के व्यवसायिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए किसानों के लिए जितने भी संभावित अवसर हैं उसपर समय समय पर प्रशिक्षण देने का कार्य प्रारंभ करने की उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न वैज्ञानिकों और अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजित करने वाले हैं।

# वृद्धाश्रम में मां के जिन्दा होने की खबर पाते ही खुशी से झुम उठे बेटे

वेलकम इंडिया



**वाराणसी।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के कुंडी गांव में जिस मां को मरा समझ कर बेटों ने ग्राम प्रधान से माँ के मृत्यु का प्रमाणपत्र प्राप्त कर उनके त्रयोदशा कार्यक्रम की तैयारी कर रहे बेटो को अचानक मां के जिन्दा होने की खबर वृद्धाश्रम से मिली तो बेटों सहित पुरे परिवार मे खुशी की लहर दौड़ गयी। मां के घर आने के बाबत उनके पुत्र कुंडी निवासी अरविन्द पाठक उर्फ कल्लू ने बताया कि मेरी मां उमा देवी लगभग बत्तीस वर्ष पहले घर से कही चली गयी थी काफी खोजबीन करने के बाद भी जब उनका कहीं पता नही लग पाया तो मेरे परिजनो ने मां का गुमशुदगी भी स्थानीय थाने पर दर्ज कराया था लेकिन मां का कही पता नही लग पा रहा था थक हारकर हम लोगो ने भी मां को मरा समझकर अभी कुछ दिन पहले अपने ग्राम प्रधान से मां के मरने का प्रमाण पत्र बनवा कर नवरात्रि बाद उनके अंतिम क्रियाकर्म के लिए तैयारी कर रहा था इसी बीच लखनऊ स्थित सेक्टर नं.9बी वृद्धाश्रम कालोनी विकास आफिस कंम्पलेक्स स्थित पाऊल मर्सी होम से कुड़ी के ग्राम प्रधान चंदगी यादव को सूचना मिली की आपके गांव की ऊमा देवी नामक महिला बिगत पच्चीस साल से वृद्धाश्रम में रह रही है सूचना पाते ही हम लोग बुधवार की शाम लखनऊ के लिए निकल पड़े तथा वहां पहुंच कर मां के दाहिने हाथ पर पिता के नाम का गोदना देखकर हम लोगों ने माँ की पहचान की और घर ले आये जानकारी देते हुए अरविन्द ने बताया कि मेरे पिता सीताराम पाठक धनबाद में कोयला खदान में गार्ड के रूप में कार्यरत थे औ? 1988 मे ब्रेन ट्यूमर होने के कारण उनकी मौत हो गयी थी पिता की मृत्यु के बाद हमारी मां अवसाद मे चली गयी पिता के मृत्यु के दो साल बाद पिता के जगह मां की धनबाद में नौकरी लग गई दो साल नौकरी के दौरान मां कुछ दिन के लिये घर आयी व उसके बाद 1993 मे बिना बताये घर से कहीं चली गयी जब मां घर से गायब हुई उस समय मेरी उम्र लगभग छह वर्ष तथा मेरे बड़े भाई दयाशंकर की उम्र लगभग आठ वर्ष थी।

## सूटिंग चैम्पियनशिप में क्षितिज शर्मा के गोल्ड मेडल जीतने पर जिला खेल अधिकारी पूनम विश्नोई ने किया सम्मानित



वेलकम इंडिया

**जहांगीरपुर।** विगत दिनों गायत्री राइफल क्लब बड़ौत के तत्वावधान में आयोजित तृतीय अर्शदीप सिध्दू मैमोरियल सूटिंग चैम्पियनशिप में लालकुआँ गाजियाबाद के जेएस सूटिंग एकेडमी के प्रशिक्षु क्षितिज शर्मा ने गोल्ड मेडल जीत कर जनपद का नाम रोशन किया। क्षितिज शर्मा द्वारा जिला गाजियाबाद का नाम रोशन करने पर शुक्रवार को गाजियाबाद के महामाया स्टेडियम में जिला खेल अधिकारी पूनम विश्नोई द्वारा क्षितिज शर्मा को शाल उठाकर व प्रतीक चिह्व देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर मानव सेवा सामाजिक संस्था के अध्यक्ष प्रदीप कुमार और सचिव चेतन सिंह ने भी क्षितिज शर्मा को शाल उठाकर प्रोत्साहित किया। क्षितिज शर्मा के मुख्य कोच मुकेश यादव ने बताया कि प्रतियोगिता आयोजक कपिल शर्मा अध्यक्ष गायत्री राइफल क्लब के संयोजन में आयोजित की गई थी। जिसमें क्षितिज शर्मा ने जेएस शूटिंग एकेडमी लालकुआँ गाजियाबाद की तरफ से प्रतिभाग कर प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता। क्षितिज के गोल्ड मेडल जीतने पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। जिसमें नेहरू युवा केन्द्र गाजियाबाद के पूर्व लेखाकार मुकन्द वल्लभ शर्मा, उत्तम प्रयास संस्था के कोषाध्यक्ष ललित मोहन शर्मा, लक्ष्मी देवी शर्मा, शिवम शर्मा, त्रिजय शर्मा, रिया वल्लभ शर्मा, दयावती शर्मा, बांकेलाल उपाध्याय, चारूल शर्मा, पंख होसलों की उड़ान संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष भावना शर्मा, शिवाजीत चौधरी, नीरज चौधरी, आदित्य यादव, कुलदीप यादव, योगेन्द्र उपाध्याय, कपिल शर्मा, प्रिया राजन चौधरी, विकास शुक्ला, आशीष वर्मा, वंशिका शर्मा, अंशिका, प्राची, अनुज, चीकू उपाध्याय, मानव सेवा सामाजिक संस्था गाजियाबाद के सचिव चेतन सिंह, अध्यक्ष प्रदीप कुमार, महामाया स्टेडियम के बाक्सिंग कोच राजन, एथलेटिक्स कोच पुनीत, सोनियां, मोहिनी शर्मा, अवनीश कुमार, शिवानी शर्मा, माही, निशा त्यागी, अंशू प्रिया सिंह, आदि ने क्षितिज को आशीर्वाद देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सट्टे की सूचना पर पुलिस ने मारा छापा, मिली नकली सॉस बनाने की फैक्ट्री, मुख्य आरोपी फरार




**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** थाना बारादरी क्षेत्र के गंगापुर इलाके में अवैध गतिविधियों की सूचना पर पुलिस ने एक घर पर छापा मार कार्यवाई की, लेकिन मौके से जुआ चला रहा हिस्ट्रीशीटर चंदलाल भागने में सफल रहा। पुलिस ने उसका पीछा किया, लेकिन तब तक वह एक गोदाम के रास्ते निकल गया। जब पुलिस टीम गोदाम के अंदर पहुंची, तो वहां नकली सॉस और अन्य खाद्य पदार्थों के निर्माण का खुलासा हुआ। भारी मात्रा में केमिकल और तैयार सॉस की बोतलें बरामद की गईं। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया है कि पुलिस को जानकारी मिली थी कि गंगापुर इलाके में जुए और सट्टे का कारोबार चल रहा है। इस पर बारादरी थाने के प्रभारी निरीक्षक धनंजय पांडेय और वरिष्ठ उप निरीक्षक रोहित शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी की। जैसे ही पुलिस वहां पहुंची, तो वहां पर मौजूद जुआरी भागने लगे। इसी दौरान जुए का संचालन कर रहा हिस्ट्रीशीटर चंदलाल भी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने उसका पीछा किया, लेकिन वह एक गोदाम के रास्ते निकल गया। जब पुलिस ने गोदाम की जांच की, तो वहां अवैध रूप से नकली सॉस और सिरका तैयार किया जा रहा था। स्थानीय लोगों से पूछताछ में सामने आया है कि यह अवैध फैक्ट्री चंदलाल की ही थी, जहां से नकली टोमैटो सॉस, ग्रीन चिली सॉस, सिरका और सोया सॉस का उत्पादन किया जाता था। फैक्ट्री में 5100 से अधिक बोतलें भरी हुई पाई गईं, जिन्हें बेहद सस्ते दामों में शहर के कई फास्ट फूड विक्रेताओं को बेचा जाता था। पुलिस की सूचना पर खाद्य सुरक्षा विभाग (एफएसडीए) की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और कई सैंपल इकट्ठा किए।

# तीन सूत्रीय मांगों को लेकर गुरिल्लों का हल्लाबोल



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** गुरिल्ला समिति से जुड़े लोग एक बार फिर तीन सूत्रीय मांगों को लेकर मुखर हैं। नौरी पे पेंशन नहीं मिलने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। साथ ही मणिपुर की तर्ज पर उनका विभागों में समायोजन की मांग की। केंद्र तथा प्रदेश सरकार पर उपेक्षा का आरोप भी लगाया। कहा कि वह लंबे समय से आंदोलित हैं, लेकिन सरकार की कानूं जूं तक नहीं रेंग रही है। समिति से जुड़े लोग शुक्रवार को नुमाईशखेत मैदान में एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि गुरिल्ले लंबे समय से आंदोलित हैं, लेकिन केंद्र व प्रदेश सरकार उनकी अनसुनी कर रही है। उन्होंने कहा कि जिन गुरिल्लों की उम्र अभी सरकारी नौकरी पाने की है उन्हें विभागों में समायोजित किया जाए, जिनकी उम्र अधिक हो गई है उन्हें पेंशन दी जाए। इसके अलावा आश्रित गुरिल्लों को भी पेंशन देने की मांग की है। देश की सेवा में गुरिल्लों ने अहम भूमिका निभाई है। उनके इस बलिदान को सरकार लगातार भूलती जा रही है। जिसे कतई सहन नहीं किया जाएगा। जब तक उनकी मांगों को अमली जामा नहीं पहनाया जाता वह चुप नहीं रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शेर सिंह दुबड़िया ने की। इस मौके पर बिशन दत्त, त्रिलोक सिंह बसेड़ा, बलवंत सिंह, उमेद सिंह, हयात सिंह, किशन गिरी, भूपाल राम, गणेश दत्त, रणजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## चार्जिंग के बाद 10 एमवीए के नए ट्रांसफार्मर से विद्युत सप्लाई शुरू होने से कस्बे के लोगों में खुशी का माहौल

**बरेली।** कस्बा क्षेत्र फतेहगंज पश्चिमी में बने 33/11 सब स्टेशन की क्षमता वृद्धि के लिए लगाया गया 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर से शुक्रवार दोपहर बिजली की सप्लाई शुरू हो गई, निगम के अधिकारी ट्रांसफार्मर पर लोड डालने के दौरान मौके पर मौजूद रहे, इस कार्य के चलते संबंधित क्षेत्र में दिनभर बिजली पूर्ति बाधित रही, वहीं नया ट्रांसफार्मर लगने से उपभोक्ता में खुशी का माहौल देखने को मिला। आपको बता दें कि शुक्रवार को 33/ 11 फतेहगंज पश्चिमी कस्बा क्षेत्र के सब स्टेशन में लगा 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर पर लोड डालने से पहले सेकेंडरी बक्स के अधिकारी, उपखंड अधिकारी अंकित द्विवेदी, जेई रमेश गौतम, अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। इससे पहले गुरुवार को ट्रांसफार्मर को चार्जिंग पर लगाया था, 24 घंटे चार्जिंग के बाद उससे बिजली की सप्लाई शुरू हो गई। पिछले वर्ष उपभोक्ताओं को गर्मियों में ओवरलोडिंग की समस्या का सामना करना पड़ा था।

# वी.एस.एम. एकेडमी नूरपुर के छात्र मोहम्मद अदनान का अंडर-19 क्रिकेट टीम में चयन



वेलकम इंडिया

**नूरपुर :** नगर में स्थित वी.एस.एम एकेडमी के कक्षा 7 के छात्र मोहम्मद अदनान पुत्र मोहम्मद राशिद का चयन बिजनौर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-19 तहसील स्तरीय क्रिकेट ट्रायल में शानदार प्रदर्शन के बाद अंडर-19 टीम के लिए किया गया है। मोहम्मद अदनान एक दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं, जिन्होंने ट्रायल के दौरान अपने बेहतरीन प्रदर्शन से चयनकताओं को प्रभावित किया। उनकी गेंदबाजी की सटीकता और प्रतिभा को देखते हुए उन्हें टीम में शामिल किया गया है।

विद्यालय प्रबंधक हिमांशु चौधरी ने उसकी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वीएसएम एकेडमी का यह होनहार छात्र आने वाले समय में और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल करे, इसको सभी ने शुभकामनाएँ दीं।

## हनुमान जन्मोत्सव मनाया जायेगा 13 अप्रैल को



वेलकम इंडिया

**अफजलगढ :** श्रीराम भक्त संकट मोचन हनुमान जी का प्रकट्योत्सव रविवार 13 अप्रैल 2025 को भक्तिभाव एवं भव्यता से मनाया जायेगा। अफजलगढ कालागढ रोड के समीप हिदायतपुर (पत्थरवाला) में स्थित श्री बाला जी एवं नींव करौरी मन्दिर के महंत मोहित त्यागी ने अवगत कराया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीराम भक्त संकट मोचन हनुमान जी का प्रकट्योत्सव के उपलक्ष्य में रविवार 13 अप्रैल 2025 को प्रातःकाल 8 बजे से हवन-पूजन एवं तदुपरांत पूर्वाह्न 10 बजे से भण्डारा प्रसाद वितरण किया जायेगा।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा पर्यटन मंत्री को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** शुक्रवार को जनपद बुलंदशहर जिला प्रदर्शनी के उद्घाटन करने से पूर्व क्षत्रिय महासभा के संरक्षक व महाराणा प्रताप समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर सुनील सिंह के आवास पहुंचने पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के मंडल अध्यक्ष मेरठ ज्ञानेंद्र सिंह राघव महासचिव प्रदीप राघव व अरवेश राघव नें क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी व ठाकुर सुनील सिंह के साथ छोटी काशी अनूपशहर बुलंदशहर बस स्टैंड चौराहे पर स्थापित महाराणा प्रताप पार्क व प्रतिमा को भव्य सौंदर्यकरण करने का ज्ञापन पर्यटन व संस्कृति मंत्रालय कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश शासन ठाकुर जयवीर सिंह को ज्ञापन सौपा जिस पर जयवीर सिंह द्वारा पहले से बने बुलंदशहर बस स्टैंड चौराहे पार्क के सौंदर्य करण तथा मूर्ति व पार्क को भव्य रूप देने के लिए मंत्रालय से शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का आश्वासन दिया ज्ञापन देने वालों में क्षत्रिय महासभा के संरक्षक कुंवर अभय प्रताप सिंह, सतीश राघव, मिलकेश सिंह चौहान, अभिजीत सिंह चौहान, संजय तोमर, अखंड प्रताप सिंह, शिक्षक नेता राजकुमार राघव, भूपेंद्र सिंह राघव, क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपक कुशवाह, सहित दर्जनों लोग सम्मिलित रहे।

## एक शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 रॉयल एनफील्ड बुलेट बरामद



**बुलंदशहर।** बुलंदशहर थाना सिकन्द्राबाद पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर एक शातिर अभियुक्त सूफियान पुत्र निसार निवासी बंसल सिनेमा के पीछे नई बस्ती चौधरीवाड़ा कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर को चोरी की एक रॉयल एनफील्ड बुलेट सहित जेवर रोड़ हरे कृष्णा पब्लिक स्कूल के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं- 276/25 धारा 317(2) बीएनएस पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैं।

# नीरज त्रिपाठी के पुनः जिलाध्यक्ष बन शहर पहुचने पर कांग्रेसियो ने किया जोरदार स्वागत

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़-** पार्टी हाईकमान ने जुझारू छवि के नेता डॉ नीरज त्रिपाठी के ऊपर पुनः भरोसा जताते हुए जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया है, जनपद के कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है

जिला कांग्रेस कार्यालय पर शुक्रवार को नवनियुक्त जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी एडवोकेट के पहुंचने पर कार्यकताओं एवं पदाधिकारी द्वारा जोरदार नारेबाजी करते हुए ढोल, ताशा के साथ कांग्रेस जनों ने माला पहनाकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया

उसके उपरांत संविधान निमार्ता डॉ.भीमराव अंबेडकर जी के मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। शहर के पूरे पितई निवासी डॉ नीरज त्रिपाठी ने जिले की छात्र राजनीति से सियासत में कदम रखा, छात्रों के मुद्दों पर प्रशासन से टकराव भी होता रहा, जनता की समस्याओं के लिए धरना प्रदर्शन व उपवास भी रखा एमए, एलएलबी व पीएचडी करने के उपरांत नीरज त्रिपाठी कांग्रेस की सक्रिय राजनीति का हिस्सा बने वर्ष 2007 से यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष, 2017 में यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भी बनाए गए राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के करीबी माने जाने वाले नीरज को ,2019 में प्रतापगढ़ सदर विधानसभा से उप चुनाव लड़ाया गया जिसमें 20 हजार मतों से अधिक पाकर अपने आप को स्थापित किए, 2022 में भी प्रतापगढ़ विधानसभा से मौका मिला इस अवसर पर नव नियुक्त जिला अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी ने ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी, प्रेरणा स्त्रोत जननायक मा. फँ४ॠंल्र्ल्ो जी, हम सबकी नेता दीदी मा.@ ढ१८ल्लह्यं ॠंल्र्ल्ो शॅ१ं जी, उत्तर प्रदेश प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव मा.अविनाश पांडे जी, प्रभारी राष्ट्रीय सचिव मा.राजेश तिवारी जी व मेरे राजनैतिक गुरु व आदर्श मा.सांसद ढ१ेंङ्गळिद१ जी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस के क्रांतिकारी प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय जी व कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता रामपुर खास की लोकप्रिय विधायक दीदी अ१ल्लिं ट्र२१ं मोना जी द्वारा मुझे जिलाध्यक्ष के रूप में दोबारा जो जिम्मेदारी दी गई है उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी व निष्ठा से करूंगा जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर मैं अभिभूत और कृतज्ञ हूं मैं शीर्ष नेतृत्व को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि जनपद प्रतापगढ़ में आगामी पंचायत चुनाव 2026 व विधानसभा चुनाव 2027 में बेहतर प्रदर्शन करूंगा, इसके पूर्व बूथ, ग्रामपंचायत, न्याय पंचायत, मण्डल, ब्लॉक व जिला संगठन को मजबूत करने का संकल्प लेता हूं नए उत्साह से पार्टी के नेताओं व कार्यकताओं के साथ मिलकर सर्व समाज के आखिरी पायदान पर खड़े शोषित, वंचित, पिछड़ा, गरीब व मजदूर की आवाज को बुलंद करने का कार्य करूंगा भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ मुखर होकर जन समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरकर आंदोलन करूंगा व समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास करूंगा इस अवसर पर मुख्य रूप से कांग्रेस कोषाध्यक्ष, नगर अध्यक्ष इरफान अली, पीसीसी सदस्य डॉ, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम शंकर द्विवेदी, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला, पूर्व प्रत्याशी विश्वनाथगंज विधानसभा प्रशांत सिंह प्रिंशु, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरोज कश्यप, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज आदि मौजूद रहे।

# डीआरएम रेलवे ने रेलवे स्टेशन पर किए जा रहे निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** अमृत महोत्सव रेलवे स्टेशन सौंदर्यीकरण योजना के तहत 25 करोड़ खर्च कर मोदीनगर रेलवे स्टेशन के हो रहे निर्माण कार्यों का आज रेलवे के डीआरएम पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी अपनी रलवे की टीम के साथ निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने हर कार्य को बड़ी बारीकी के साथ देखा।इस अवसर पर समाजसेवियों ने मोदीनगर के लोगों की समस्याओं से संबंधित उन्हें ज्ञापन दिया । उसमें मांग की गई हैं कि देहरादून एक्सप्रेस ट्रेन, दिल्ली- सहारनपुर सुपर फास्ट , कलिंगा उत्कल एक्सप्रेस, अमृतसर इंदौर एक्सप्रेस , उज्जयिनी एक्सप्रेस एवं जन शताब्दी का मोदीनगर में स्टॉपेज बनाया जाए। उनके संज्ञान में यह भी लाया गया कि देहरादून एक्सप्रेस और दिल्ली सहारनपुर सुपरफास्ट ट्रेन पहले से यहां रुकती थी लेकिन कोरोना के पीरियड में स्टॉपेज खत्म कर दिया गया। इसके अलावा उनसे यह भी मांग की गई है कि मोदीनगर स्टेशन पर बन रहे फ्लाईओवर का एक्टेंशन कर भूपेंद्र पुरी कॉलोनी के लोगों को मुरादनगर रेलवे स्टेशन पर बने फ्लाईओवर की भांति सुविधा उपलब्ध कराई जाए । यह मांग पिछले दो दशकों से बराबर उठाई जा रही है। पत्रकारों ने सवाल किया कि मोदीनगर दिल्ली एनसआर के प्रमुख शहरों में है इसके बावजूद भी यहां के लोगों को उक्त आधा दर्जन ट्रेनों में यात्रा सुविधा से वंचित है। जिन ट्रेनों में यहां स्टॉपेज नहीं है उनमें यात्रा सुविधा के लिए गाजियाबाद अथवा मेरठ जाना पड़ता है। यहां की उक्त समस्याओं से क्षेत्रीय सांसद राजकुमार सांगवान और क्षेत्र विधायक मंजू सिवाच रेलवे मिनिस्टर से मिलकर उनको भी अवगत करा चुकी हैं लेकिन आज तक रेलवे मिनिस्ट्री की ओर से इस समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में लोकदल प्रतिनिधिमंडल और किसानों की हुई वार्ता



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** वेव सिटी में किसानों का और बिल्डर का 8% प्लॉट को लेकर चल रहे धरने के संबंध में आज जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोकदल के प्रतिनिधिमंडल और किसानों की वार्ता हुई । जिसमें जी डी ए सचिव राजेश कुमार सिंह व तहसीलदार जी डी ए भी मौजूद रहे । जिसमें जिलाधिकारी ने जल्द से जल्द से जी डी ए से और बिल्डर से वार्ता कर किसानो की समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया ।इस मौके पर राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता,रणबीर दहिया प्रदेश सचिव , अरुण चौधरी भुल्लन क्षेत्रीय महासचिव , बिट्टू खंजरपुर क्षेत्रीय सचिव , सुभाष चौधरी पार्षद व किसानों की तरफ से अनुज चौधरी , अमित चौधरी , सतीश त्यागी , गुड्डू चौधरी , श्यामवीर , गजेंद्र फौजी , प्रमोद चौधरी , सतपाल सिंह , सुंदर पाल सिंह , बिजेंद्र सिंह आदि काफी किसान मौजूद रहे।

# स्वर्णकार समाज ने डॉ अरुण त्यागी को चयन समिति का मुख्य पर्यवेक्षक बनने पर दी बधाई



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** छाया पब्लिक स्कूल मोदीनगर के प्रधानाचार्य डॉ अरुण त्यागी के खो-खो फेडेरेशन ऑफ इंडिया की चयन समिति के मुख्य पर्यवेक्षक बनने पर स्वर्णकार समाज मोदीनगर रजि0 के पदाधिकारियों ने सप्रेम शुभकामनाएं प्रेषित की। डॉ अरुण त्यागी ने बताया कि निष्पक्ष भाव से सर्वश्रेष्ठ भारतीय टीम का चयन करने की भरपूर कोशिश करेंगे। इस अवसर पर स्वर्णकार समाज मोदीनगर के संरक्षक डॉ राम नारायण वर्मा व परमात्माशरण वर्मा, मोहित सोनी( अध्यक्ष), विष्णु वर्मा (संयोजक), मोंटी वर्मा (मीडिया प्रभारी), संगठन मंत्री तरुण सोनी व सर्वेश वर्मा उपस्थित रहे।

# विधायक डॉ मंजू शिवाच ने निर्माण कार्य का फीता काटकर किया उद्घाटन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पुठरी में विधायक निधि द्वारा शमशान घाट में अंत्येष्टि स्थल एवं शान्ति स्थल के निर्माण कार्य जिसका लागत मूल्य 9.50 लाख रुपये है। ग्राम मोहम्मदपुर कदीम से ग्राम फतेहपुर तक लोक निर्माण विभाग खण्ड 2 द्वारा नव निर्माण सड़क का उदघाटन विधायक डॉ मंजू शिवाच ने फीता काटकर किया । इस मोके पर विधायक डॉ मंजू शिवाच ने वहाँ उपस्थित सभी लोगों से उनका हाल चाल जाना और उनकी समस्याओं को भी सुना। साथ ही विधायक डॉ मंजू शिवाच ने बताया की में आम जन की समस्याओं को हल कराने के लिये निरन्तर प्रयासरत हूँ ।ग्रामीणों ने विधायक डॉ मंजू शिवाच का फूल माला भेंट कर उनका स्वागत किया । इस मोके पर योगेन्द्र सिंह, नरेन्द्र सिंह, सचिन त्यागी (मण्डल अध्यक्ष), डॉ करणवीर सिंह (विधायक प्रतिनिधि), संजय भदौला, बाल किशोर आदि उपस्थित रहे।

# मारुति सुजुकी नेक्सा ने मोदीनगर में इलेक्ट्रिक कार ई-विटारा लॉन्च की



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** नामी ऑटोमोबाइल निमार्ता मारुति सुजुकी नेक्सा ने आज अपनी क्रांतिकारी नई इलेक्ट्रिक कार ई विटारा का अनावरण एसएनवी ऑटो प्राइवेट लिमिटेड में किया, जो मोदीनगर में स्थित एक प्रमुख नेक्सा शोरूम है। इस आयोजन में गाजियाबाद जिले के कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने इसे ऑटोमोटिव उद्योग और स्थानीय समुदाय दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बना दिया।इस भव्य लॉन्च इवेंट में पूर्व विधायक एवं पूर्व पालिका अध्यक्ष सुदेश शर्मा , अमरजीत बिड़ी प्रदेश अध्यक्ष, सहकारी प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय लोक दल और अन्य प्रतिष्ठित अतिथि उपस्थित थे जिनका भव्य स्वागत अरुण तोमर, आवेश चितकारा, अजय राणा, सायन बालियान एवं अन्य शोरूम स्टाफ द्वारा किया गया। इस लॉन्च ने स्थानीय सरकार, उद्योग और समुदाय के कई प्रमुख व्यक्तियों को एकजुट किया, जो इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में अगला बड़ा कदम देखने के लिए एकत्र हुए थे।

ई- विटारा मारुति सुजुकी की स्थिरता, नवाचार और पर्यावरण-मित्र परिवहन समाधान की बढ़ती मांग को पूरा करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। अत्याधुनिक तकनीक, चिकना डिजाइन और उन्नत विशेषताओं के साथ ई-विटारा भारत में इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में क्रांति लाने का वादा करता है और ग्राहकों को एक प्रीमियम ड्राइविंग अनुभव प्रदान करेगा।

# बौद्ध समाज ने बोधी महाविहार गया को स्वायत्तता की मांग उठाई

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** बौद्ध समाज के लोगों ने बहुजन सशक्तिकरण बहुजन संघ के बैनर तले,महाबोधि महाविहार (बौद्ध गया) भारत व विश्व के बौद्ध धर्म के अनुयायी की आस्था का केंद्र गया बिहार के बुद्ध पूजा उपासना स्थल पर लागू अनुचि बी.टी अधिनियम 1949 को रद्द कर बौद्ध धर्म के अनुयायियों को स्वायत्तता दिए जाने के सम्बंध में ज्ञापन पत्र, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री तीनो के नाम तहसील ने धरना प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी के माध्यम के ज्ञापन सौंपा गया ।ज्ञापन में लिखा है कि बौद्ध समाज की ओर से सादर अनुरोध है कि वर्तमान में महाबोधि महाबिहार ,बौद्ध गया, राज्य बिहार में स्थित है। अब से 2500 से अधिक वर्ष पूर्व तथागत भगवान बुद्ध को ज्ञान बोधि प्राप्ति हुई थी। बौद्धों के इस पूजा उपासना स्थल पर दूसरे धर्म के लोगो ने अनाधिकृत कब्जा किया हुआ है। यह संविधान लागू से पूर्व की प्रकरण चला आ रहा है। यहां जबरन बीटी एक्ट 1949 की आड़ में गैर धर्म के चार दूसरे धर्म के लोगो को संयुक्त कमेटी में बनाकर ओर चार बौद्धों को रखकर जिलाधिकारी को अध्यक्ष बना दिया था। जबकि भारत में हिन्दू के मंदिर में पुजारी, मुस्लिम की दरगाह ,मस्जिद में मुल्ला या मौलबी, ईसाइयों के चर्च में फादर या पादरी, सिक्खों के गुरुद्वारा में सिक्ख, जैन धर्म के मंदिर में जैन मुनि रहते है। और उनके पूजा उपासना स्थल पर धार्मिक स्वतंत्रता भारत के संविधान ने प्रदत्त की गई है ।सभी धार्मिक स्थलों व केंद्रों पर संबंधित धर्म के लोगों पूजा-उपासना स्थल का ही स्वामित्व, आधिपत्य,उपासना की स्वतंत्रता है। किसी भी अन्य पूजा स्थल/केंद्रों पर ये पुराना बीटी एक्ट 1949 लागू नहीं है। भारत के बौद्धों के प्रमुख व बड़े आस्था के केंद्र गया के महाबोधि महाबिहार पर किसी दूसरे धर्म के धर्म के लोगो को क्यों रखा गया।

## फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाकर दुकानदार के साथ दो युवकों ने की ठगी

**सीबीगंज।** दुकान से सामान लेकर यूपीआई पर फर्जी पेमेंट कर दुकानदार को दिया झांसा, 7000 रुपये की ठगी कर आरोपी फरार, पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर पुलिस से आरोपियों को पकड़ने की मांग की। जानकारी के अनुसार थाना सीबीगंज के पस्तोर के निवासी दीपक मौर्य पुत्र पवन मौर्य ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि उनकी दुकान में शुक्रवार शाम लगभग चार बजे उनका छोटा भाई चंदन मौर्य बैठा हुआ था, तभी दो युवक उनकी दुकान पर आये और उनके भाई से कुछ सामान की खरीदारी की, जिसके बाद पेमेंट ऑनलाइन करने की बात करने लगे, जिस पर उनके भाई चंदन मौर्य ने अपनी दुकान के यूपीआई पेमेंट स्कैनर पर पेमेंट करने के लिए युवक से कह दिया, जिसपर उन दोनों युवकों में से एक युवक ने अपने मोबाइल से फर्जी यूपीआई पेमेंट कर स्क्रीनशॉट छोटे भाई चंदन मौर्य को दिखा दिया और बोले देख लो पेमेंट हो गया है।

# एआरटीओ चेकिंग: नौ वाहनों पर लगा जुमार्ना

वेलकम इंडिया




**सिद्धार्थनगर।** जनपद में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ एआरटीओ विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। एआरटीओ सुरेश मौर्य के नेतृत्व में टीम ने जिले भर में सघन जांच अभियान चलाया।

इस अभियान में नौ वाहन नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए गए। विभाग ने इन वाहनों पर करीब ढाई लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। सभी वाहनों को संबंधित थाना पुलिस को सौंप दिया गया है। जांच में कर बकाया, फिटनेस फेल, परमिट, प्रदूषण, बीमा और ओवरलोडिंग के मामले सामने आए। थाना चिल्हिया क्षेत्र में तीन, ढेबरुआ में तीन, इटवा में दो और शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र में एक वाहन पकड़ा गया।

इटवा क्षेत्र में दो ओवरलोडेड वाहनों पर विशेष कार्रवाई की गई। प्रत्येक वाहन पर 32 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। कुल 64 हजार रुपये का चालान काटा गया ।एआरटीओ सुरेश मौर्य ने कहा कि जिले में यह जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की कमरे में फंदे से लटका मिला शव

वेलकम इंडिया

**चिल्हिया/सिद्धार्थनगर।** जनपद के चिल्हिया थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। पल्टादेवी के टोला पिछवौरा में 21 वर्षीय कविता का शव छत की कुंडी से लटका मिला ।कविता की शादी 11 महीने पहले सूरज नाम के युवक से हुई थी। सूरज पल्टादेवी में एक ऑनलाइन सेंटर चलाता है। घटना के समय सूरज की माँ खेत में गई थी, वहाँ से घर लौटी तो उसने कविता को आवाज लगाई। जब काफी देर तक कोई जवाब नहीं मिला, तो वह कमरे तक गईं। कमरा बंद था और खिड़की से देखने पर कविता का शव लटका हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतका के मायके पक्ष से उसकी माता प्रमिला ने चिल्हिया थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने अपने दामाद सूरज और चचेरी सास पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है।

# कूड़े के जहरीले धुएं का जानलेवा कहर: बढ़नी नगर पंचायत ने जहरीली हवा के चंगुल में दिया धकेल

वेलकम इंडिया



**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत की घोर लापरवाही ने नगर को जहरीली हवा के चंगुल में धकेल दिया है। कूड़े के अंधाधुंध फेंके जाने और जगह-जगह जलाकर छोड़ दिए जाने से उठने वाले धुएं ने नागरिकों का दम घोंट दियाहै। जिससे उनका जीवन खतरे में पड़ गया है। मिल कॉलोनी वार्ड नंबर 2 में बने कूड़ा डंपिंग सेंटर के पास कूड़ा जलाने से निकलने वाली जहरीली गैसों ने स्थानीय निवासियों के जीवन को नरक बना दिया है। लोगों को सांस लेने में कठिनाई, आंखों में जलन और सिरदर्द जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बुजुर्गों और बच्चों की हालत चिंताजनक है। मिल कॉलोनी में सड़क किनारे फेंके गए कूड़े के ढेर से धनौरी, टीसम, सेमरहवा आदि गांवों के पैदल राहगीर उसी रास्ते से होकर गुजरते हैं। उसी से थोड़ी दूरी पर इंटर कॉलेज , प्राथमिक विद्यालय ,मैरिज हाल , प्राइवेट विद्यालय भी है, जहाँ छोटे-छोटे बच्चे पढ़ने आते हैं। अगर इसी तरह कूड़े के ढेर जलाए जाते रहे, तो इन राहगीरों और बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ेगा। नगर पंचायत द्वारा कूड़ा प्रबंधन में घोर लापरवाही बरती जा रही है। मिल कॉलोनी वार्ड में बने एम0आर0 एफ0 सेंटर के ले जाने की बजाय, कूड़ा बाहर फेंका जा रहा है। और उसे जगह-जगह जलाकर छोड़ दिया जाता है। कूड़े के ढेर से निकलने वाला जहरीला धुआं न केवल राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है, बल्कि आसपास के निवासियों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकता है। जहरीली हवा के कारण नगर पंचायत निवासियों खास कर मिल कॉलोनी मुड़ीला के लोगों को कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सांस की बीमारियां, हृदय रोग, कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियां लोगों को अपनी चपेट में ले सकती हैं। बच्चों में अस्थमा और एलर्जी जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। नगर पंचायत प्रशासन इस गंभीर समस्या पर गंभीर रूप से उदासीन बना हुआ है। नगर निवासियों की शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे निवासियों में भारी आक्रोश है।

# 13 वें फाग महोत्सव का हुआ आयोजन

निर्मल सैनी वेलकम इंडिया



राजधानी लखनऊ की नगर पंचायत मोहनलालगंज के मऊ गांव में शुक्रवार को होली के शुभ अवसर पर 13 वें फाग महोत्सव का आयोजन किया गया ।फाग महोत्सव के दौरान शीतल खेड़ा गांव की फगुवाहरों की टोली के गीत भजुमन राम चरन सुख दाई .......... की पंक्तियों से फाग महोत्सव में आए हुए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया ।

फाग महोत्सव के आयोजनकर्ता शिवाय सेवा समिति के संस्थापक सदस्य एवं सचिव रंजीत यादव उर्फ गुड्डू ने बताया की होली के उपलक्ष्य में लगातार 13 वर्षों से अनवरत फाग महोत्सव आयोजित किया जा रहा है ।होली के उपलक्ष्य में फाग महोत्सव के आयोजन से गांव की प्राचीन प्रथा जीवंत होगी एवं इससे लोगों में आपसी भाई चारे का संदेश भी जाएगा । इस दौरान शिवाय सेवा समिति के अध्यक्ष आशीष चतुवेर्दी , उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला , राहुल मिश्रा , मीडिया प्रभारी विनीत कुमार महामंत्री संदीप सैनी , मानस यादव एवं फाग की टोली में राजा खेड़ा निवासी श्रीराम , नन्हकऊ लोधी , हरि नाम साहू , पंचम ,गिरधारी सहित सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी रही ।

# लोनी विधायक ने अधिकारियों पर लगाया हत्या की साजिश रचने, दंगा का आरोप

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। लोनी में गुरुवार को विधायक नंद किशोर गुर्जर द्वारा कलश यात्रा को लेकर पुलिस और विधायक नंदकिशोर गुर्जर के समर्थकों के बीच में धक्का मुक्की और हाथापाई हुई थी जिसमें विधायक नंदकिशोर गुर्जर के कपड़े तक फट गए थे। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने शुक्रवार को सफाई देते हुए प्रेस वार्ता में कहा की कुछ लोग मेरी हत्या करवाना चाहते हैं लोनी में शांति कायम है लेकिन कुछ अधिकारी इससे खुश नहीं है और लोनी में दंगा कराना चाहते हैं ताकि वह मुख्यमंत्री की निगाहों में अपनी अच्छी छवि बना सके। प्रमुख सचिव भी अधिकारियों के साथ मिले हुए हैं जो प्रत्येक अधिकारी से पैसे लिया करते हैं गाजियाबाद के कमिश्नर भी पैसे कम कर प्रमुख सचिव तक पहुंचाते हैं और वह मेरी हत्या करवाने की प्लानिंग कर रहे हैं। हर वर्ष कलश यात्रा निकलते हैं इस बार भी हमने लिखित में परमिशन मांगी थी लेकिन पुलिस कह रही है कि हमने कोई अनुमति के लिए पत्र नहीं दिया है जबकि हमारे पास पत्र की रिसीव कॉपी भी है। कमिश्नर किसी भी ग्रंथ को फेंकने या हटाने का काम करें तो मानो लेकिन सनातन धर्म के ग्रंथ का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा पुलिस अधिकारियों ने वहां पर महिलाओं के साथ बदतमीजी करी और उनके कलश को भी तोड़ा गया मेरे साथ भी धक्का मुक्की की और मेरे कपड़े तक फाड़ दिए लेकिन मेरे हाथ में राम चरित्र मानस थी।



जिस वजह से मैं कुछ नहीं कर सका और पुलिस अधिकारियों ने कथा वाचक को भी खूब गालियां दी और जाति सूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया पंडितो, ठाकुर और गुर्जरों को लेकर भी कई तरह की गालियां और टिप्पणी भी की। मैं कथा पूरी करने के बाद खुद मुख्यमंत्री जी से मिलने जाऊंगा और तब तक ना तो मैं कपड़े बदलूंगा और ना ही पैरों में कुछ पहनुगा। मुझे पूरी उम्मीद है कि प्रधानमंत्री जी और हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी इस बारे में जरूर कोई कदम उठाएंगे और ऐसे अधिकारियों को सबक सिखाने का काम करेंगे जो हिंदूवादी और सत्ता के नेताओं के साथ इस तरीके की बर्बरता और उनकी हत्या करने में पूरा षड्यंत्र रच रहे हैं। प्रमुख सचिव खुद कामाख्या माता के मंदिर में जाकर मुख्यमंत्री जी पर टोने टोटके करवा कर आए हैं ताकि उनकी बुद्धि को बंद सकें। प्रदेश में लाखों गायों की हत्या हो रही है लेकिन मुख्यमंत्री जी तक इस बारे में कोई जानकारी नहीं पहुंच पाती है करोड़ों रुपए का लेनदेन रोज हो रहा है लेकिन मुख्यमंत्री जी इन सब से बेखबर है। बलात्कार, हत्याएं, लूट का ग्राफ दिन पर दिन जिले में बढ़ रहा है इन सब के पीछे सिर्फ और सिर्फ प्रमुख सचिव और कमिश्नर दोनों लोग हैं। हत्याएं हो रही हैं लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हो रहा है जो अधिकारियों के खिलाफ बोलता है उसे पर ही मुकदमा लिखकर उनको जेल भेजने का काम कमिश्नर कर रहे हैं। जो कमिश्नर की शिकायत करता है या कमिश्नर के खिलाफ बोलता है उसको जेल में डाल दिया जाता है।

# टैंपो चालक की ईमानदारी से व्यापारी को मिला लाखों रुपये से भरा बैग

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में टेंपो में बैठे चार कारोबारी आठ लाख की नकदी से भरा बैग टेंपो में ही भूल गए। बड़ी रकम टेंपो में मिलने के बाद चालक ने ईमानदारी बरती और अगले दिन पुलिस को सुबह ही बैग लाकर दे दिया। कारोबारियों ने खुश होकर चालक को 21 हजार रुपये इनाम दिए हैं। ललितपुर के मडावरा निवासी दिवाकर का पुरानी गाड़ी खरीदने बेचने का काम है। बृहस्पतिवार को दिवाकर अपने साथी राजू, सौरभ और अरविंद के साथ गाजियाबाद वाहन खरीदने आए थे। बृहस्पतिवार दोपहर चारों गोविंदपुरम से टेंपो में सवार होकर पुराने बस अड्डे तक आए। कारोबारियों के पास आठ लाख



23 हजार रुपये से भरा बैग भी था, लेकिन टेंपो से उतरते हुए बैग भूल गए। पीड़ितों को कुछ देर बाद बैग टेंपो में ही छुटने का एहसास हो गया था, लेकिन तब तक टेंपो लेकर चालक चला गया था। वहीं, पीड़ितों द्वारा काफी तलाश करने पर भी टेंपो नहीं मिला तो उन्होंने रात में सिहानी गेट पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज देखकर टेंपो तलाशने का प्रयास किया, लेकिन पूरा नंबर ट्रेस नहीं हो पाया। इसी बीच टेंपो चालक इंदरगढ़ी निवासी रवि कुमार टेंपो लेकर घर पहुंच गया। रवि को बैग टेंपो में पीछे रखा दिखा। घर ले जाकर जब बैग खोला तो टेंपो चालक के होश उड़ गए। बैग में आठ लाख रुपये रखे थे। बताया गया कि टेंपो चालक को रातभर नींद नहीं आई। इसके बाद शुक्रवार सुबह चालक खुद बैग लेकर थाने पहुंच गया। पुलिस ने टेंपो चालक के आने के बाद व्यापारियों को सूचना देकर थाने बुला लिया। पुलिस की मौजूदगी में चालक ने व्यापारियों को उनके रुपये लौटा दिए। वहीं, व्यापारियों ने खुश होकर चालक को 21 हजार रुपये इनाम में दिए। एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने बताया टेंपो चालक रवि ने ईमानदारी दिखाते हुए बड़ी धनराशि वापस की है। पीड़ितों को उनके रुपये वापस मिल गए हैं।

# जिलाधिकारी ने किया ईवीएम, वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने शुक्रवार को ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीसीटीवी निगरानी पर विशेष जोर देते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सीसीटीवी कैमरों की निगरानी सतत बनी रहे और उनका बैकअप नियमानुसार सुरक्षित रखा जाए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस निरीक्षण के दौरान एडीएम (ई) रणविजय सिंह, एडीएम (एल/ए) विवेक कुमार, एडीओ निर्वाचन हरिकिशन शर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इसके अलावा, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहे, जिनमें सुभाष चंद्र शर्मा (भाजपा), ताहिर हुसैन (सपा), मनोज कुमार (बसपा) और राजेंद्र शर्मा (कांग्रेस) शामिल थे।

# घंटाघर रामलीला मैदान में 5 अप्रैल को कश्यप-निषाद संगठन का महाकुंभ, मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। कश्यप-निषाद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप के नेतृत्व में आगामी 5 अप्रैल 2025 को गाजियाबाद के घंटाघर रामलीला मैदान में विशाल महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। इस भव्य आयोजन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और कश्यप समाज के पदाधिकारियों को संबोधित करेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य महर्षि कश्यप की जयंती को यादगार बनाना और उनके बताए गए सिद्धांतों को समाज में प्रसारित करना है। कार्यक्रम में महर्षि कश्यप की तस्वीर मंच पर स्थापित की जाएगी, साथ ही उनके जीवन से जुड़े किस्से और प्रेरणादायक प्रसंग साझा किए जाएंगे। इसके अलावा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से महर्षि कश्यप के जीवन और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। घंटाघर रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले इस महाकुंभ में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और मध्य प्रदेश समेत कई अन्य राज्यों के कश्यप निषाद संगठन के पदाधिकारी शामिल होंगे। राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों को मंच पर सम्मानजनक स्थान दिया जाएगा और उनके माध्यम से समाज को एकजुट करने का संदेश दिया जाएगा। शुक्रवार को नवयुग मार्किट में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कश्यप निषाद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि इस भव्य



आयोजन की तैयारियां पूरी गति से चल रही हैं।

कार्यक्रम स्थल पर विशाल पंडाल बनाया जाएगा और हजारों लोगों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही, पूरे शहर में बैनर और होर्डिंग्स लगाए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक लोग इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल हो सकें। महाकुंभ को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। संगठन की ओर से लोगों को आमंत्रित करने, व्यवस्था बनाने और कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने की जिम्मेदारी कार्यकताओं को दी जा रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नरेंद्र कश्यप का संबोधन होगा, जिसे सुनने के लिए भारी संख्या में लोगों के जुटने की उम्मीद है। आज महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और समाज को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह आयोजन महर्षि कश्यप को श्रद्धांजलि देने के साथ-साथ समाज के लोगों को जागरूक करने का एक मंच है। 5 अप्रैल को आयोजित होने वाला यह महाकुंभ गाजियाबाद के इतिहास में एक महत्वपूर्ण आयोजन बनने जा रहा है, जिसमें राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक हस्तियां शामिल होंगी। कार्यक्रम के माध्यम से समाज को एकता, समर्पण और महर्षि कश्यप के आदर्शों पर चलने का संदेश दिया जाएगा।

## बच्चे और महिला को कुचला, हालत गंभीर

**गाजियाबाद**। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में तेज स्पीड कार ने बच्चे को कुचल दिया। जिससे बच्चे को गंभीर चोटें आई और उसके दोनों पैर में फ्रेक्चर होंगे। साहिबाबाद में बाजार गई एक महिला को कार ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। लिंक रोड़ थाना क्षेत्र में कर सवार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। स्कूटी सवार महिला बाल बाल बच गई। आयशा पत्नी हुसैन निवासी शहीद नगर ने थाना इंदिरापुरम में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 17 मार्च को सुबह 10 बजे मेरे बच्चे को कार ने टक्कर मार दी, कार चालक मेवाड वसुंधरा का निवासी है। कार की टक्कर से मेरे बच्चे की पैर की दो हड्डियां टूट गई। जिसे मैने अटलान्टा हास्पिटल में भर्ती करा दिया है। कार चालक ने मुझसे मेरे बच्चे का पूरा इलाज करने का वादा किया था, लेकिन अब वह मना कर रहा है। नरेश कुमार पुत्र कालू राम निवासी पार्क लाजपत नगर साहिबाबाद ने थाना साहिबाबाद में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 19 मार्च को मेरी पत्नी सब्जी लेने बाजार गई थी। तभी एक गाडी ने मेरी पत्नी को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उदयवीर सिंह पुत्र जितेन्द्र वर्मा निवासी श्याम पार्क एक्सटेंशन साहिबाबाद ने थाना लिंक रोड़ में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि मैं अपनी स्कूटी से शाम करीब 8:45 बजे अपने घर जा रहा था। तभी साहिबाबाद डिपो के पास पहुंचा तो पीछे से आ रही गाड़ी ने अचानक मेरी स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई, उसके बाद मैने कार को पकड ? का प्रयास किया लेकिन मौका पाकर फरार हो गया।

## किसानों की गिरफ्तारी के विरोध में भाकियू ने दिया ज्ञापन

**गाजियाबाद**। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने किसान संगठन के नेताओं की गिरफ्तारी को लेकर शुक्रवार को विरोध करते हुए ज्ञापन सौंपा। भाकियू के जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश का किसान अपनी फसलालें के वाजिब भाव के साथ उसकी गारंटी कानून की मांग को लेकर दिल्ली आंदोलन से ही संघर्ष कर रहा है। हरियाणा व पंजाब बार्डर, शम्भु व खनौरी बार्डर पर 13 महीने से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे थे। इस मामले में 19 मार्च को किसान संगठन व सरकार के मध्य वार्ता के बाद बाद किसान नेता वापस लौट रहे थे तो उन्हें पंजाब सरकार द्वारा गिरफ्तार किया गया। तानाशाही तरीके से किसानों को हटाया गया। बुजुर्ग किसानों, महिलाओं को भी डिटेन किया गया जिससे देश भर के किसानों में रोष व्याप्त है। किसानों ने डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर न्याय दिलाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में महेश यादव, सुभाष तेवतिया, चमन सिंह, तनुज, अजीत, वीरपाल, चन्दरपाल, मुस्तफा, अनिल आदि मौजूद रहे।

## बाइक टकराने को लेकर हुए विवाद में युवक से मारपीट

गाजियाबाद। साहिबाबाद थाना क्षेत्र स्थित शहीदनगर निवासी एक युवक के साथ बाइक टकराने को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। घटना के दौरान पीड़ित बाइक से डयूटी जा रहा था। पुलिस से मामले की शिकायत की गई है। शहीदनगर में रहने वाले करन पुत्र महेश कुमार दिल्ली में डयूटी करते है। करन ने पुलिस को बताया कि 18 मार्च को दिन में लगभग तीन बजे वह बाइक से कल्लन चौक होते हुए डयूटी जा रहे थे। इस दौरान जब वह ज्योती मेडीकल स्टोर के पास पहुंचे तभी उनका बाइक टकराने को लेकर इमरान निवासी शहीदनगर से विवाद हो गया। आरोप है कि गाली-गलौज होने पर इमरान ने अपने साथियों को बुला लिया और फिर सभी ने उसके साथ मारपीट की।

# निगम द्वारा विशेष पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस (21 मार्च) और विश्व जल दिवस (22 मार्च) के अवसर पर शुक्रवार को गाजियाबाद नगर निगम द्वारा विशेष पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस क्रम में मोरटा स्थित तालाब पर नगर निगम की ओर से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने पौधे रोपे। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र, प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता जल कामाख्या प्रसाद आनंद, प्रभारी प्रकाश आश कुमार, स्थानीय पार्षदगण और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर महापौर सुनीता दयाल ने शहरवासियों को 13वें अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस और 32वें विश्व जल दिवस की



शुभकामनाएं दीं। उन्होंने जल संरक्षण और हरियाली बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए नागरिकों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की। महापौर ने कहा, धरा को हरा-भरा बनाए रखने के लिए पौधारोपण के साथ-साथ जल संरक्षण भी बेहद जरूरी है।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा कि स्वच्छ नदियों और तालाबों से ही स्वच्छ वातावरण का निर्माण संभव है। उन्होंने नगर निगम की टीम को सभी तालाबों और जल स्त्रोतों के आसपास सघन वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए। इस अभियान के तहत पीपल, फाइकस जैसे छायादार पौधे और फलदार पौधे रोपे गए। महापौर द्वारा छायादार और नगर आयुक्त द्वारा फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को भी अधिक से अधिक पौधे लगाने और जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। नगर आयुक्त ने जानकारी दी कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा पिछले 2-3 वर्षों में लगभग 4 लाख पौधे लगाए गए हैं और यह अभियान लगातार जारी रहेगा। इसके तहत तालाबों और नदियों के किनारे सघन वृक्षारोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से ही पर्यावरण को संरक्षित रखा जा सकता है और आने वाली पीढियों के लिए बेहतर वातावरण बनाया जा सकता है।

# कूड़ा उठाने वाले गाड़ी के चालक-हेल्पर से मारपीट

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। नगर निगम सिटी जोन के कूड़ा उठाने वाले गाड़ी के चालक और हेल्पर से मारपीट की गई। नगर कोतवाली पुलिस ने शिकायत मिलने पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। रोहित ने नगर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह नगर निगम सिटी जोन में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन वाली गाड़ी का चालक है। वह रोजाना की तरह 20 मार्च की सुबह 9.23 बजे वह अपने हेल्पर मुन्ना के साथ वार्ड संख्या-93 कैला भा में कूड़ा उठाने गए थे। सादक की पुलिया पर कूड़ा उठाने के दौरान साजिद नाम के व्यक्ति ने अपने तीन-चार साथियों के साथ मिलकर उन पर और उनके हेल्पर पर हमला कर दिया। आरोपियों ने गाली-गलौज की और जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। साथ ही यहां-वहां से कूड़ा उठाने के लिए कहा। उन्होंने कूड़ा गाड़ी में डालने के लिए कहा तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और उनके साथ बेरहमी से मारपीट की। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

# सारथी नामक विशेष इन-हाउस सपोर्ट ग्रुप कार्यक्रम का आयोजन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। कोलोरेक्टल कैंसर जागरूकता माह के अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली ने सारथी नामक विशेष इन-हाउस सपोर्ट ग्रुप कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम कोलोरेक्टल कैंसर सर्वाइवर्स को समर्पित था, जिसमें उनकी संघर्षशील यात्रा, साहस और दृढ़ संकल्प को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गरिमामयी स्वागत भाषण और पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों में मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर के चेयरमैन डॉ. हरित चतुर्वेदी, मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली एवं लखनऊ के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट एवं जोनल हेड डॉ. गौरव अग्रवाल और

## कोलोरेक्टल कैंसर सर्वाइवर्स को किया सम्मानित

गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एवं हेपेटोपैंक्रियाटोबिलियरी (जीआई एंड एचपीबी) सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के सीनियर डायरेक्टर डॉ. विवेक मंगला उपस्थित रहे। इस आयोजन में 120 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें कैंसर सर्वाइवर्स, उनके परिजन और चिकित्सा विशेषज्ञ शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान 50 से अधिक कैंसर सर्वाइवर्स को उनके अदम्य साहस और संघर्ष के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कहानी हौसले और जज्बे की' सत्र आयोजित किया गया, जहां



कैंसर सर्वाइवर्स ने अपनी संघर्षपूर्ण यात्रा साझा की। उन्होंने बताया कि धैर्य, सकारात्मक सोच और सही इलाज के जरिए कैंसर को हराया जा सकता है। इस अवसर पर मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर के चेयरमैन डॉ. हरित चतुर्वेदी ने कहा, कोलोरेक्टल कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाना बेहद जरूरी है, क्योंकि इससे बीमारी के बोझ को कम किया जा सकता है। नियमित जांच और समय पर निदान से इलाज के परिणामों में सुधार किया जा सकता है। 'सारथी' जैसे आयोजन सामुदायिक सहयोग की शक्ति को दशार्ते हैं और यह याद दिलाते हैं कि मरीज और उनके परिवार इस लड़ाई में अकेले नहीं हैं। कार्यक्रम में परफॉर्मेंस बाय चैंपियंस सत्र आयोजित किया गया, जहां कैंसर सर्वाइवर्स ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर यह संदेश दिया कि कैंसर के बाद भी जीवन में उमंग और उल्लास बना रह सकता है। इसके अलावा, पोषण के महत्व पर एक विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विशेषज्ञों ने स्वस्थ जीवनशैली और संतुलित आहार पर जोर दिया। इसके बाद सुर संगम का आयोजन हुआ, जहां डॉक्टरों और प्रतिभागियों ने संगीत के माध्यम से इस आयोजन को यादगार बनाया। कार्यक्रम में मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के सीनियर डायरेक्टर डॉ. विवेक मंगला ने कहा, कोलोरेक्टल कैंसर एक व्यापक लेकिन रोकथाम योग्य बीमारी है। इसका जल्द पता लगना जीवन दर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से हम लोगों को समय पर जांच कराने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नवीनतम उपचार तकनीकों के बारे में शिक्षित करना चाहते हैं। यह आयोजन न केवल सर्वाइवर्स का उत्सव मनाने के लिए है, बल्कि एक मजबूत सपोर्ट सिस्टम तैयार करने का भी प्रयास है। सारथी कार्यक्रम कैंसर सर्वाइवर्स के लिए प्रेरणा और समर्थन का मंच बना, जिसने यह संदेश दिया कि कैंसर केवल चिकित्सा की ही नहीं, बल्कि भावनात्मक और सामाजिक लड़ाई भी है, जिसे एकजुटता और दृढ़ इच्छाशक्ति से जीता जा सकता है।